CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

वर्ष : 10 अंक : 334 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, सोमवार 29 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# अवैध खनन पर भजनलाल शर्मा का तगड़ा एक्शन, 20 जिलों में आज से 15 जनवरी तक होगी ताबड़तोड़ कार्रवाई

## प्रदेश में वन, खान, परिवहन, पुलिस, राजस्व विभाग का संयुक्त अभियान, अरावली पर्वतमाला में नए पौधे लगाने के लिए 250 करोड रुपए किए जाएंगे खर्च, करीब 30000 हेक्टर क्षेत्र में लगाए जाएंगे नए पेड़

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और सुरक्षा को लेकर आंदोलन कर रही कांग्रेस पार्टी को प्रदेश की भजनलाल सरकार ने मुंह तोड़ जवाब देते हुए आज से 15 जनवरी तक 20 जिलों में अवैध खनन को रोकने के लिए एक व्यापक अभियान शुरू किया जा रहा है यह अभियान 15 जनवरी तक प्रदेश के बीच जिलों में जोरदार और प्रभावी तरीके से संपादित होगा इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश के 20 जिलों के कलेक्टर ,वन विभाग ,खान विभाग, राजस्व विभाग, परिवहन विभाग ,पुलिस विभाग के बड़े अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए प्रभावी तरीके से अवैध खनन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने साफ कहा है कि अवैध खनन को बढ़ावा दे रहे मामले में चाहे कोई कितना ही बड़ा आदमी और कोई कितना ही प्रभाव रखने वाला व्यक्ति क्यों ना हो उसके खिलाफ निडर होकर कार्रवाई करें मुख्यमंत्री शर्मा ने अभियान में शामिल सभी विभागों को आपस में समन्वय और तालमेल दिखाते हुए प्रभावी तरीके से अभियान को संपादित करने का निर्देश दिया है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से यह भी कहा है कि प्रदेश में अरावली पर्वतमाला में नए खनन की अनुमति नहीं दी जाए क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने इस पर पाबंदी लगाने का निर्देश जारी कर दिया है उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से यह भी कहा है कि खान की लीज जारी करते समय सुप्रीम कोर्ट के आदेश और सी. ई. सी. के निर्देशों और आदेशों की पालना सुनिश्चित की जाए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अरावली पर्वतमाला में नए पौधारोपण के लिए 250 करोड़ रुपए का बजट स्वीकृत किया है और करीब अरावली पर्वतमाला में 30000 हेक्टेयर क्षेत्र में नए पेड़ लगाने के निर्देश वन विभाग को दिए हैं जानकारी के अनुसार आज से 15 जनवरी तक संपादित हो रहे इस अभियान में एक तरफ जहां 20 जिलों में अवैध खनन रोकने के लिए प्रभावी तरीके से विभिन्न विभाग संयुक्त रूप से कार्रवाई को अंजाम देंगे तो दूसरी तरफ अरावली पर्वतमाला में नए पेड़ भी लगाए जाएंगे ताकि नए पेड़ों की सुरक्षा के लिए भी पुख्ता प्रबंध करने की बात मुख्यमंत्री की ओर से कही गई है जानकारी के अनुसार अवैध खनन को रोकने के लिए आज से शुरू किए जा रहे इस अभियान के महत्वपूर्ण अर्थ निकाले जा रहे हैं कहा जा रहा है कि इस बार यह अभियान कहीं ना कहीं अवैध खनन को बढ़ावा देने वाले लोगों के हौसलों को मटिया मेट करने में बड़ी भूमिका निभा सकता है इस बार मुख्यमंत्री शर्मा ने साफ कहा है कि मौके पर जाकर अवैध खनन के क्षेत्र को आईडेंटिफाई किया जाए मौके पर जो खनन कार्य को अंजाम दे रहा है उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और भविष्य में इस जगह पर दोबारा से अवैध खनन शुरू न हो जाए इस पर भी सख्त दिशा निर्देश जारी किए जाएं इसके लिए मौके पर जरूरी विभागीय बोर्ड और पट्टी का स्थापित करके साफ लिखा जाए कि यह क्षेत्र खनन के लिए प्रतिबंधित है इसके बावजूद भी अगर वहां पर कोई अवैध खनन को अंजाम देता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए जानकारी के अनुसार विभिन्न विभागों की ओर से संयुक्त रूप से आज से शुरू की जा रहे इस विशेष अभियान के लिए जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में स्पेशल कमेटी बनाने के निर्देश भी दिए गए है जिन जिन जिलों में अवैध खनन रोकने के लिए यह अभियान संपादित होगा उन जिलों के कलेक्टर एक विशेष कमेटी का गठन करेंगे जो 15 जनवरी तक संपादित हो रहे इस अभियान की गतिविधियों पर मॉनिटरिंग करेंगे और आवश्यक दिशा निर्देश भी देते रहेंगे मुख्यमंत्री शर्मा खुद इस पूरे अभियान पर नजर रखेंगे और जिलेवार रोजाना की कार्रवाई की समीक्षा भी करेंगे कुल मिलाकर इस बार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा इस बार अवैध खनन को लेकर पूरी तरह से एक्टिव मोड पर नजर आ रहे हैं अब देखने वाली बात यह है कि इस अभियान में अवैध खनन के मामले में कितने मामले सरकार की ओर से दर्ज किए जाते हैं कितने लोगों के खिलाफ करवाई होती है और प्रदेश में कहाँ-कहाँ किस-किस जिले में अवैध खनन के इलाके चिन्हित होते ।

## आज से प्रदेश भाजपा कार्यालय में फिर से मंत्रियों की सुनवाई कार्यक्रम का आगाज, जोराराम कुमावत और विजय चौधरी सुनेंगे समस्याएं





**जयपुर(कासं.)** प्रदेश भाजपा कार्यालय में आज से फिर से राजस्थान सरकार के मंत्री पहले की तरह सप्ताह में तीन दिन तक बैठकर पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनेंगे और उनका निराकरण का प्रयास करेंगे। प्रदेश भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आज सोमवार को दोपहर 1:00 बजे राजस्थान सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत और विजय चौधरी दोनों प्रदेश भाजपा कार्यालय में आकर पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं को सुनकर उनका निदान करेंगे इस मौके पर प्रदेश भाजपा के संगठन से जुड़े नेता अपूर्व और नारायण सिंह भी मौजूद रहेंगे उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से आयोजित होने वाला कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम आयोजित नहीं हो रहा था इसकी वजह यह थी कि राजस्थान सरकार के 2 साल पूरा होने के अवसर पर प्रदेश भर में सरकार की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे थे इसलिए सरकार के सभी मंत्री इस कार्यक्रम में व्यस्त थे इसलिए प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित किया जा रहे मंत्रियों के कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम को कुछ दिनों के लिए स्थगित कर दिया गया था लेकिन अब फिर से आज से प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से आयोजित होने वाला कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम फिर से शुरू हो रहा है उल्लेखनीय है कि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े सभी नेताओं का विश्वास और भरोसा बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों की ओर से कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए थे जिसके बाद से ही सप्ताह में शुरू के तीन दिन सोमवार, मंगलवार और बुधवार को भजनलाल मंत्रिमंडल के सदस्य बारी-बारी से अपना कार्यक्रम निर्धारित करके यहां कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन कर रहे थे इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे बड़े सभी नेता आ रहे थे और अपनी समस्याएं मंत्रियों को बताते नजर भी आए इस कार्यक्रम में लगातार भाजपा कार्यकर्ताओं की संख्या में इजाफा भी हो रहा था लेकिन इस दौरान ही सरकार के 2 साल के पूरे होने के अवसर पर सरकार की ओर से पूरे प्रदेश भर में व्यापक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था जिसमें मंत्रियों की उपस्थिति निर्धारित की हुई थी इसलिए मंत्री व्यस्त होने की वजह से यहां भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में अपनी उपस्थिति नहीं दिखा पा रहे थे इसलिए कुछ दिनों के लिए कुछ मंत्रियों के इस कार्यक्रम को स्थगित कर दिया था ।

## आंदोलनकारी गो सेवकों ने वसुंधरा राजे का काफिला रोका, मृत गायों के निस्तारण के ठोस उपाय करने की मांग की

**जयपुर(कासं.)** कोटा में हाईवे पर हैंगिंग ब्रिज टोल नाके के पास सैकड़ो गो सेवकों ने अपनी मांग को लेकर हाईवे को जाम कर दिया आंदोलनकारी ने हाईवे पर जोरदार नारेबाजी की इसकी वजह से वाहनों की लंबी कतार लग गई इस दौरान झालावाड़ से जयपुर आ रहे वसुंधरा राजे के काफिले की गाड़ी को भी प्रदर्शनकारियों ने रोड पर रोक लिया प्रदर्शनकारियों ने मौके पर जोरदार नारेबाजी की प्रदर्शनकारियों के प्रदर्शन को देखते हुए वसुंधरा राजे अपने गाड़ी से नीचे उतरी और उन्होंने प्रदर्शनकारियों के साथ काफी देर तक बातचीत की मौके पर प्रदर्शन कर रहे लोगों ने वसुंधरा राजे से मृत गाय के निस्तारण के लिए ठोस प्रबंध करने की बात कही वसुंधरा राजे ने प्रदर्शन कर रहे लोगों को विश्वास दिलाया कि वह इस विषय में तुरंत एक्शन लेगी वसुंधरा राजे ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से बातचीत की और प्रदर्शनकारी गो सेवकों की मांग को उचित बताया और जल्दी से जल्दी इस विषय में तुरंत एक्शन लेने के निर्देश दिए हाईवे पर प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि कोटा में मृत गायों के निस्तारण की समस्या अब से नहीं बल्कि कई सालों से चली आ रही है ठोस कदम नहीं उठाने की वजह से इस मामले में आमजन और गायों को काफी परेशानी हो रही है इस संदर्भ में कई बार संबंधित विभाग के अधिकारियों जिला प्रशासन और सरकार से जुड़े लोगों तक भी अपनी बात पहुंचाई लेकिन कोई उनकी बात को सुनने वाला ही नहीं है इसीलिए परेशान हो रहा था सोकर उन्होंने सड़क पर आने का निर्णय लिया वसुंधरा राजे ने प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा है कि अगर इस मामले में तुरंत कोई एक्शन नहीं होता है तो फिर से उन्हें अवगत करवाया जाए ।

# 'मन की बात' कार्यक्रम जन भागीदारी के माध्यम से विकास की सोच को मजबूत करने का सशक्त माध्यम :भजनलाल शर्मा

**मुख्यमंत्री निवास पर भजनलाल शर्मा ने पार्टी के कार्यकर्ताओं और स्टाफ के साथ सुना पीएम मोदी का महत्वपूर्ण एपिसोड, मुख्यमंत्री निवास पर उत्साहपूर्ण और सकारात्मक वातावरण भी देखने को मिला**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादाई कार्यक्रम मन की बात बात का सामूहिक श्रवण किया इस अवसर पर मुख्यमंत्री निवास पर उत्साहपूर्ण और सकारात्मक वातावरण देखने को मिला मां की बात कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2025 में देश की प्रमुख उपलब्धियां पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण खेल जगत की सफलताओं विज्ञान एवं नवाचार पर्यावरण संरक्षण और स्वदेश चेतना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर अपने विचार रखें मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश ने विकसित भारत के संकल्प को और अधिक सशक्त तथा प्रेरणादाई बनाया मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचार और मार्गदर्शन देशवासियों को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित करते हैं उन्होंने कहा कि मां की बात केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि जन भागीदारी के माध्यम से विकास की सोच को मजबूत करने का एक सशक्त माध्यम है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के विचारों को आत्मसात कर राज्य सरकार और कार्यकर्ता मिलकर विकसित राजस्थान के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं और आगे भी विकास सुशासन और जनकल्याण को प्राथमिकता दी जाएगी उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुरू से ही नियमित रूप से पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को ध्यानपूर्वक सुनते रहे हैं मुख्यमंत्री पद पर नियुक्त होने से पहले भी प्रदेश भाजपा कार्यालय में महामंत्री पद पर रहने के दौरान भजनलाल शर्मा नियमित रूप से प्रधानमंत्री के इस एपिसोड को सुना करते थे मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस एपीसोड में ढूंढ ढूंढ कर ऐसे मुद्दे और ऐसे विषय हमारे सामने लाकर प्रस्तुत करते हैं जिनके बारे में किसी को ज्यादा जानकारी नहीं होती इसलिए नई-नई महत्वपूर्ण जानकारियां और विषय इस एपिसोड के माध्यम से हमें मिलते हैं उन्होंने कहा कि भारत के दूर दराज के राज्यों नागालैंड ,मणिपुर जैसे राज्यों के अलावा आदिवासी इलाकों, नक्सलवाद पीड़ित इलाकों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां महत्वपूर्ण नवाचार के बारे में पीएम मोदी हमें बताते हैं जो अपने आप में एक अनूठा ज्ञान का भंडार होता है इसीलिए उनका यह कार्यक्रम पूरे देश में बड़े उत्साह से लोग सुनते हैं उन्होंने कहा कि अपने इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छोटे बच्चों से लेकर बड़े बुजुर्गों के उल्लेखनीय कार्यों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ हर क्षेत्र और हर विभाग से कारों और उपलब्धियां के बारे में भी हमें जानकारी देते हैं इस तरह की जानकारी मिलने से एक तरफ जहां हमारे नॉलेज में वृद्धि होती है तो दूसरीतरफ विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार कर रहे और अपनी मेहनत के दम पर स्थापित कर रहे लोगों को जब यह लगता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने मुंह से उनके कार्यों का बखान करते हैं तो उन्हें भी बहुत अच्छा लगता है और उनके उत्साह में वृद्धि होती है मोदी अपने इस कार्यक्रम से एक तरफ जहां देश के लोगों से लगातार गहरे लगाव के साथ जुड़ने जा रहे हैं तो दूसरी तरफ यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा, राष्ट्र समर्पण, सामाजिक सरोकार, जन सेवा की भावना को देशवासियों में और मजबूत करता है ।

# चोमू मामले को लेकर भजनलाल शर्मा से मिले रामलाल शर्मा : 19 अपराधियों को 11 दिन की न्यायिक हिरासत में

**रामलाल शर्मा ने कोर्ट के स्थगन आदेश के अलावा किए गए अतिक्रमण हटाने की मांगकी, मुख्यमंत्री ने विधि सम्मत कार्रवाई करने का दिलाया भरोसा**



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पिछले दिनों चोमू में मस्जिद के सामने किए गए अतिक्रमण हटाने गए पुलिस कर्मियों पर पत्थर बरसाने के मामले में पुलिस ने 19 अपराधियों को गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार किया था हालांकि करीब 110 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया था जिन में कई अपराधियों को जमानत पहले ही मिल गई थी लेकिन जिन 19 अपराधियों को गंभीर धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया था उन्हें रविवार को कड़ी सुरक्षा के बीच चोमू से जयपुर लाकर कोर्ट में पेश किया गया जहां कोर्ट ने 11 दिन की न्यायिक हिरासत पर सभी अपराधियों को भेजने के निर्देश दिए हैं इधर चोमू के पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने रविवार को ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की और चोमू में मस्जिद के सामने कोर्ट के स्थगन आदेश के अलावा जिस जमीन पर अतिक्रमण किया गया है वहां से अतिक्रमण हटाने की जोरदार डिमांड की है जिस पर मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक को भरोसा दिलाया है कि इस मामले में सरकार और पुलिस विधि सम्मत कार्रवाई करेगी मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पूर्व विधायक रामलाल शर्मा से चोमू प्रकरण के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने घटना से जुड़े सभी तथ्यों के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा को विस्तार से जानकारी दी जानकारी दी और घटना के बाद वहां पर जो हालात बने उसके बारे में भी शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया है और वर्तमान में चोमू शहर में जो हालात हैं उसके बारे में भी चीफ मिनिस्टर को विस्तार से जानकारी दी इधर चोमू में तेजी से हालात सामान्य होते जा रहे हैं लेकिन पुलिस के सभी बड़े अधिकारी चोमू में डेरा डाले हुए हैं शहर पुलिस उपायुक्त पश्चिम हनुमान सहाय अतिरिक्त पुलिस आयुक्त राहुल प्रकाश चोमू में रहकर बराबर स्थिति का जायजा ले रहे हैं और शहर में किसी भी तरह की कोई कानून व्यवस्था नहीं बिगड़े इसके लिए शहर में तमाम तरह के सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं शहर के कई इलाकों में पुलिस फोर्स बड़ी संख्या में अभी भी तैनात है इसके अलावा पुलिस के बड़े अधिकारी विभिन्न संप्रदायों और समाजों के संगठनों से जुड़े लोगों के साथ नियमित रूप से बातचीत करके शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के प्रयास कर रहे हैं जिसमें पुलिस को सफलता भी मिली है शहर के हालात तेजी से सामान्य होते जा रहे हैं व्यापारिक गतिविधियां पहले की तरह संचालित हो रही हैं बाजार पहले की तरह खुल रहे हैं और पहले की तरह ही निर्धारित अवधि पर बंद हो रहे हैं बाजारों में पहले की तरह लोगों की आवाजाही नजर आने लगी है स्थित कुल मिलाकर सामान्य हो गई है लेकिन पुलिस और प्रशासन किसी भी तरह का कोई रिस्क नहीं उठाना चाहता इसलिए फिलहाल चोमू में सुरक्षा के कड़े प्रबंध बरकरार रखे गए हैं जानकारी के अनुसार चोमू में पत्थर बाजी की घटना में शामिल लोगों को चिन्हित करने का प्रयास पुलिस की ओर से अब भी जारी है अब भी कई लोग ऐसे हैं जो पुलिस के कार्रवाई से बचे हुए हैं पुलिस उन तक पहुंचने का प्रयास कर रही है ।

# पीएम नरेंद्र मोदी के विचारों को जन जन तक पहुंचाएं: दिया कुमारी

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने रविवार को सैकड़ो पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ सिविल लाइन स्थित अपने आवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के एपिसोड को सुना पूरे कार्यक्रम के दौरान दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को काफी ध्यानपूर्वक सुना मोदी के मुंह से निकले एक-एक शब्द को दिया कुमारी ने ध्यानपूर्वक सुना पूरे कार्यक्रम के दौरान दिया कुमारी की निगाहें मोदी के भाषण पर टिकी रही भाषण के बाद दिया कुमारी ने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विचारों और देश के कल्याण और विकास के लिए सरकार की ओर से सरकार की ओर से किया जा रहे हैं कार्यों को जन-जनतक पहुंचाएं रविवार को 2025 का यह मन की बात कार्यक्रम का अंतिम एपिसोड था अब अगला एपिसोड नए साल में सुना जाएगा इसलिए रविवार को इस चालू साल के अंतिम एपिसोड को लेकर दिया कुमारी कुछ ज्यादा ही उत्सुक थी हालांकि दिया कुमारी शुरू से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस एपिसोड को नियमित रूप से सुनती है जब प्रदेश की उपमुख्यमंत्री नहीं थी तब भी वह नियमित रूप से प्रधानमंत्री के इस एपिसोड को सुनती थी दिया कुमारी का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह कार्यक्रम एक तरफ जहां देश की नई-नई जानकारी और नई-नई उपलब्धियां से भरपूर होता है तो दूसरी तरफ इस कार्यक्रम के माध्यम से हमें उन लोगों के बारे में भी जानकारी मिलती है जो चुपचाप अपनी मेहनत अपनी लगन और अपनी बुद्धि से नवाचार कर रहे हैं इससे एक तरफ लोगों में कुछ नया कर गुजरने की इच्छा जागृत होती है तो दूसरी तरफ जो लोग नया कर रहे हैं उनका उत्साहवर्दन होता है दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम देशभक्ति देश के प्रति समर्पण सामाजिक सरोकारों देश सेवा जन सेवाऔर देश की उपलब्धियां से जुड़ा हुआ होता है जिसकी वजह से उनका यह एपिसोड देश के लोगों में काफी चर्चित है देश के लोग मोदी के इस एपिसोड को सुनने के लिए उत्सुक रहते हैं उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने हर क्षेत्र में तेजी से विकास किया है आज पूरी दुनिया में भारत को सम्मान की निगाह से देखा जाता है विश्व मंच पर भारत की बात को सुना जाता है आज मोदी के नेतृत्व से पूरा देश खुद को गर्व महसूस कर रहा है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी का पूरा जीवन निस्वार्थ देश सेवा और देश के विकास के लिए समर्पित रहा है इसलिए मोदी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएं और मोदी के जीवन से प्रेरणा लेकर हर भारतीय समाज प्रदेश और देश की सेवा करें ।

# भजनलाल शर्मा ने चिकित्सा विभाग में अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को चिकित्सा विभाग के बड़े अधिकारियों के साथ लंबी मैराथन बैठक आयोजित की बैठक में मुख्यमंत्री शर्मा ने चिकित्सा विभाग के कार्यों का फीडबैक लिया और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए मुख्यमंत्री शर्मा ने जिलेवार चिकित्सा विभाग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा की इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि योजनाएं बनाने से ही काम नहीं चलेगा बल्कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी हो और उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी हो यह सुनिश्चित किया जाए कि जो योजनाएं जनता के लिए बनाई गई है उन योजनाओं का लाभ जनता को समुचित रूप से मिल रहा है या नहीं उन योजनाओं का लाभ अंतिम छोड़ तक बैठे व्यक्ति को मिल रहा है या नहीं यह सुनिश्चित करना अधिकारियों की पहली जिम्मेदारी और प्राथमिकता होनी चाहिए तब ही योजना बनाने का मकसद सफल होगा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि चिकित्सा के क्षेत्र में सरकार की ओर से जितनी भी योजनाएं संचालित की जा रही है उन योजनाओं में एक-एक पैसे का समुचित उपयोग हो इसके लिए विभाग के बड़े अधिकारियों को विशेष सावधानी और ध्यान रखने की जरूरत है उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं में चिकित्सा विभाग से जुड़ी जितनी भी घोषणाएं हैं उनके क्रियान्वयन की दिशा में तेजी से कार्य किया जाए मुख्यमंत्री शर्मा ने बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के बारे में भी अधिकारियों से जानकारी हासिल की इसके अलावा भाजपा के संकल्प पत्र के वादों में चिकित्सा विभाग से जुड़े जो वादे अभी पूरे नहीं हुए हैं उन वादों को भी पूरे करने की दिशा में कार्य करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश के जिला स्तर पर चिकित्सा विभाग में नियुक्त अधिकारियों के कामकाज और गतिविधियों का नियमित रूप से अपडेट लिया जाए निजी अस्पतालों में मौके पर जाकर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाए मरीज के साथ निजी अस्पतालों में शोषण या ना इंसाफी तो नहीं हो रही इसके बारे में भी निजी अस्पतालों की कार्यशैली और गतिविधियों पर प्रभावी मॉनिटरिंग रखी जाए उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग में खाली पड़े पदों को भरने की प्रक्रिया को जल्दी से जल्दी शुरू किया जाए बैठक में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अखिल अरोड़ा ,गायत्री राठौर सहित चिकित्सा विभाग के अन्य बड़े अधिकारी मौजूद थे चिकित्सा विभाग की सचिव गायत्री राठौर पिछले कुछ दिनों से लगातार विभिन्न बड़े सरकारी अस्पतालों में जाकर निरीक्षण भी किया और अस्पतालों में मरीज और उनके परिजनों से उन्होंने बातचीत करके अस्पतालों की व्यवस्थाओं के बारे में भी विस्तार से जानकारी हासिल की इसके अलावा अस्पतालों में किन-किन संसाधनों की आवश्यकता है इसके बारे में भी उन्होंने विस्तार से जानकारी हासिल की गायत्री राठौर ने पिछले दिनों जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल के अलावा जयपुरिया हॉस्पिटल ,गंगौरी बाजार और कई अन्य सरकारी अस्पतालों में जाकर उन्होंने बारीकी से निरीक्षण किया था इसलिए प्रदेश के चिकित्सा विभाग को लेकर मुख्यमंत्री शर्मा ज्यादा ही सजग और गंभीर दिख रहे हैं रविवार को भी उन्होंने काफी देर तक चिकित्सा विभाग के अधिकारियों के साथ मंथन किया ।

CMYK

## अन्नकूट आयोजन में श्रद्धालुओं ने पाई आशीर्वाद की प्रसादी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** शहर के समीपवर्ती प्रताप बंद के पीछे आड़ापाडा समीप प्राचीन हनुमान मंदिर (कुए वाला) में रविवार को अन्नकूट प्रसादी का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजनों ने आड़ापाडा के जंगलों में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर कुएं वाला पर पहुंचकर श्रद्धा की भक्ति का प्रसाद पाया। महंत आनंद कुमार शर्मा ने बताया की हर वर्ष की भांति आडापाड़ा के जंगलों में स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर कुए वाले पर अन्नकूट प्रसादी का आयोजन होता है, इसी क्रम में इस बार भी रविवार को अन्नकूट प्रसादी का आयोजन किया गया। जहां सवेरे पहले हनुमान जी महाराज को चोला चढ़ाया गया। इसके बाद उन्हें फूलों की माला पहनकर श्रृंगारित किया गया तथा आरती के बाद अनुकू प्रसादी में चावल, कढ़ी, बाजरा, मूंग आदि का भोग लगाया ओर इसके बाद सभी भक्तजनों को पंगत में बिठाकर प्रसादी खिलाई गई।

## त्रिपोलिया महादेव मंदिर में पौष उत्सव 1 जनवरी को, सजेगी झांकी

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** भगवान त्रिपोलिया महादेव मंदिर में पोष उत्सव का कार्यक्रम 01 जनवरी 2026 को आयोजित होगा। यह आयोजन पोष मास गुरुवार तिथि प्रदोष शुक्ल पक्ष में 01 जनवरी 2026 को होगा। महंत जितेंद्र खेड़ापति ने बताया कि त्रिपोलिया महादेव मंदिर में 01 जनवरी गुरुवार को संध्या आरती में महाआरती का आयोजन में अद्भुत श्रृंगार झांकी दर्शन के साथ भगवान त्रिपोलेश्वर नाथ को पूए, पकौड़े, हलवे का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा। महंत ने बताया कि श्री त्रिपोलिया महादेव मंदिर जो की भक्तों की विशेष आस्था का केंद्र है रात्रि 9:15 बजे से भगवान को पुनः दूध इमरती का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## मकराना अंजुमन कमेटी शादी सम्मेलन आज 28 दिसंबर को 90 जोड़े की दुल्हन और दूल्हे की शादी की गई

जयपुर टाइम्स



**मकराना(निसं.)** सगीर अहमद खिलजी मकराना के सम्मानित पत्रकार के रूप में आपकी ओर से अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन, मकराना द्वारा आयोजित 26वीं इज्तिमाई शादी सम्मेलन पर दी गई बधाई और शुभकामनाओं का पूर्ण समर्थन है। इस नेक आयोजन में 90 जोड़ों के निकाह ने सामाजिक एकता और दहेज मुक्त विवाह की मिसाल कायम की। अंजुमन इस्लाहुल मुस्लेमीन ने 28 दिसंबर 2025 को मकराना में यह 26वां वार्षिक सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसमें 90 दुल्हा-दुल्हन जोड़ों का सामूहिक निकाह हुआ यह कार्यक्रम दहेज प्रथा के खिलाफ और गरीब परिवारों की सहायता के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ, जैसा कि पिछले 25वें सम्मेलन में जोड़ों के साथ देखा गया सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और सहयोगियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी से इस समेलन को यादगार बनाया आप जैसे पत्रकारों का मीडिया समर्थन सामुदायिक आयोजनों को व्यापक प्रसार देता है।

## आशिया व खुशी का पद्माक्षी पुरस्कार के लिए चयन

जयपुर टाइम्स



**बिजौलियां(निसं.)।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्रा आशिया मंसूरी का एपीजे अब्दुल कलाम व्यक्तित्व विकास योजना के साथ ही पद्माक्षी पुरस्कार योजना में चयन हुआ हैं।वहीं रा.उ.मा. विद्यालय की छात्रा खुशी मीणा का भी राज्य सरकार की ओर से पद्माक्षी पुरस्कार के लिए किया गया हैं।खुशी ने 12 वीं विज्ञान वर्ग में 94.60 प्रतिशत अंक हासिल किए थे।इस पुरस्कार के तहत ?1लाख और स्कूटी प्रदान की जाएगी।

## गुरू ज्ञान के बिना मनुष्य मोक्ष को प्राप्त नहीं कर सकता-शिवमोहन

### निरंकारी सत्संग भवन में निरंकारी मंडल द्वारा सत्संग कार्यक्रम आयोजित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निसं.)** स्थानीय राजगढ़ रोड़ स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में रविवार को विशाल सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिल्ली के महात्मा शिवमोहन ने कहा कि सतगुरु माता सुदीक्षा महाराज का मानना है कि गुरु के बिना मनुष्य अज्ञानता से घिरा हुआ रहता है। जब उसको सतगुरू मिल जाता है, तब वह मानव ज्ञान प्राप्त कर लेता है। उसके बाद मनुष्य के जीवन में ज्ञान रूपी प्रकाश का आगमन होता है और वह मोक्ष को प्राप्त करता है। इस अवसर पर जोनल इंचार्ज शिवभगवान बजाज ने बताया कि चूरू, रतननगर, सरदारशहर, बिसाऊ, सात्यूं सहित अनेक क्षेत्रों के श्रद्धालुओं ने सत्संग में भाग लिया।

# वन राज्यमंत्री शर्मा ने स्थानीय लोगों के साथ सुना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को

### प्रधानमंत्री मोदी के प्रेरणादायी विचार हम सभी के लिए राष्ट्र सेवा, सामाजिक समर्पण एवं सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में निरंतर ऊर्जा और मार्गदर्शन - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम की 129वीं कड़ी में देशवासियों को संबोधित किया। इस दौरान वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने अलवर शहर में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' को स्थानीय निवासियों के साथ सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि देश ने वर्ष 2025 में अंतरिक्ष, विज्ञान, तकनीक, खेल, पर्यावरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुंभ के आयोजन और अयोध्या मंदिर में ऐतिहासिक ध्वजारोहण ने हर भारतीय को गौरवान्वित किया। वर्ष 2026 में देश नई उम्मीदों और संकल्पों के साथ आगे बढ़ने को तैयार है। उन्होंने कहा कि हमारी युवा शक्ति के कारण पूरी दुनिया को भारत से बहुत आशाएं हैं। युवा अपनी मेहनत, लगन और रचनात्मक सुझावों से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 का आयोजन किया जाएगा, जो युवाओं के लिए अपने सुझाव साझा करने का महत्वपूर्ण मंच होगा। मोदी ने तकनीकी युग में लोगों की जिंदगी में तेजी से आ रहे बदलाव के बारे में चर्चा करते हुए स्मार्ट इंडिया हैकेथॉन-2025 में युवाओं की उत्साहपूर्वक भागीदारी के बारे में बताया। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश की प्रगति का सफर हमसे साझा करते हैं। उनके प्रेरणादायी विचार हम सभी के लिए राष्ट्र सेवा, सामाजिक समर्पण एवं सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में निरंतर ऊर्जा और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम देश की उपलब्धियों पर गर्व करने का अवसर है, जो हमें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अगुवाई में वर्ष 2025 में राजस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों में सफलता के नए आयाम स्थापित किए हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, प्रबुद्धजन एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

## वन राज्य मंत्री शर्मा ने पूर्व छात्र सम्मेलन एवं अखिल भारतीय सम्मेलन कार्यक्रम में की शिरकत

### शहर का यह सरकारी विद्यालय सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि प्रतिभाओं की प्रयोगशाला - वन राज्यमंत्री शर्मा

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अलवर शहर में पीएम श्री राजकीय नवीन उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन एवं अखिल भारतीय सम्मेलन में शिरकत की। वन राज्यमंत्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा व्यवस्था का मजबूती प्रदान करने के साथ-साथ सुदृढ करने में निरन्तर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की शिक्षा बढावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने विभिन्न योजनाएं संचालित की गई है, जिनमें विद्यार्थियों को लेपटॉप, स्कूटी, साइकिल प्रदान करने के साथ-साथ सरकारी विद्यालयों में आईसीटी लैब व आधुनिक कम्प्यूटर लैब, ई-लाइब्रेरी अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव द्वारा बनाई जा रही है, जिसमें सरकारी विद्यालयों को प्राथमिकता दी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अटल टिकरिंग लैब, पीएम श्री विद्यालय योजना अभूतपूर्व योजना है जो शिक्षा के स्तर को आगे बढाने का काम कर रही है। साथ ही सरकार द्वारा प्रदेश के विद्यालयों के भवनों को मजबूत करने के लिए हर जिले को अलग से बजट दिया गया है। उन्होंने नवीन स्कूल से शिक्षा प्राप्त करने के अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजकीय नवीन विद्यालय अलवर शहर का प्रतिष्ठित विद्यालय रहा है। शहर का यह सरकारी विद्यालय सिर्फ एक इमारत नहीं, बल्कि प्रतिभाओं की प्रयोगशाला है। यहां से शिक्षा प्राप्त करने वाले विद्यार्थी सम्मानित पदों पर अपनी सेवाएं प्रदान कर देश के विकास में सहयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय की प्रतिष्ठा को बरकरार रखने हेतु आयोजित पूर्व छात्र सम्मेलन एवं अखिल भारतीय सम्मेलन एक सराहनीय कदम है। इस दौरान उन्होंने पूर्व छात्र एवं शिक्षकों का सम्मान किया।

प्रधानाचार्य राजेश मुखीजा ने अतिथियों एवं पूर्व शिक्षक व विद्यार्थियों का आभार जताया तथा विद्यालय की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर समाजसेवी विजय डाटा, महेश शर्मा, कमल झिरीवाल, नीलेश खंडेलवाल, डॉ. के.सी गागल, अर्जुन तख्तानी, डॉ. अमित छाबडा, महेन्द्र चौहान, जसवंत सिंह, अशोक आहूजा, महेश भारद्वाज, बलबीर सिंह करूण, विनीत चौहान, महेश मुद्गल सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में विद्यार्थी तथा आमजन मौजूद रहे।

## 13 वां युवा खेल सप्ताह मे बॉक्सिंग, योगा, टेबल टेनिस, कराटे, पावर लिफ्टिंग एवं वेटलिफ्टिंग कि प्रतियोगिता हुई आयोजित

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** युवा खेल विकास समिति एवं क्रीड़ा भारती अलवर के संयुक्त तत्वाधान में 13 वां युवा खेल सप्ताह के बॉक्सिंग, योगा, टेबल टेनिस, कराटे, पावर लिफ्टिंग एवं वेटलिफ्टिंग कि प्रतियोगिता आयोजित हुई। समिति के सचिव रजनीश जैमन ने बताया कि मुख्य अतिथि दिनेश भार्गव अध्यक्ष बॉक्सिंग संघ अलवर, बिशन कालरा अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रहे।

कराटे प्रतियोगिता परिणाम बालिका वर्ग में अंडर 35 क्रिगा तिथि गुप्ता प्रथम, जसगून अरोरा द्वितीय, आरती सैनी तृतीय, अंडर 40 क्रिगा में जिविका प्रथम, तेजस्वी गोयल द्वितीय, काजल यादव तृतीय, अंडर 60 क्रिगा सौम्य जैन प्रथम, परनीका शर्मा द्वितीय, वेरोनिका गोपालिया तृतीय रहे। बालक वर्ग में अंडर 35 क्रिगा हर्षवर्धन प्रथम अंडर 40 क्रिगा में मनन प्रथम, व्याल तिवारी द्वितीय, विहान तृतीय, अंडर 45 गर्वित शर्मा प्रथम, रुद्रांश द्वितीय, हेमंत तृतीय, अंडर 60 क्रिगा अभिनव प्रथम, सौर्य जैन द्वितीय रहे। बॉक्सिंग प्रतियोगिता का परिणाम बालक वर्ग में अंडर 12 वर्ष में अंडर 30 क्रिगा हेमंत प्रथम, मोहित द्वितीय, गर्वित सैनी तृतीय, अंडर 40 क्रिगा में वैभव शर्मा प्रथम, अनिरुद्ध सिंह द्वितीय, मुदित फागना तृतीय, अंडर 46 क्रीगा रियाज प्रथम, नित्यम द्वितीय, अंडर 15 वर्ष में 46 क्रीगा में दिवेश कुमार प्रथम, कृष कुमार द्वितीय, मयंक एवं गौरव तृतीय, अंडर 17 वर्ष में 46 क्रीगा फरान प्रथम, फरहान द्वितीय, अंडर 52 क्रिगा अरबाज प्रथम, अंडर 57 क्रिगा रिहान प्रथम, अमन द्वितीय अंडर 60 क्रिगा अंकित प्रथम, अंडर 75 क्रिगा जतिन प्रथम रहे। पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता सीनियर बालक वर्ग परिणाम अंडर 59 क्रिगा हर्पित सिंह प्रथम, भुवनेश द्वितीय अंडर 66 क्रिगा अरबाज खान प्रथम, हितेश कुमार द्वितीय, मुसारिफ खान तृतीय अंडर 74 क्रिगा गौरव गुप्ता प्रथम, परविन्द्र सिंह द्वितीय ओवर 74 क्रिगा गरविन्द्र सिंह प्रथम, देशराज सिंह द्वितीय, अंडर 83 क्रिगा शुभम सिंह प्रथम, संजय कुमार द्वितीय अंडर 88 क्रिगा सत्येन्द्र प्रजापत प्रथम, सचिन सैनी द्वितीय, अंडर 93 क्रिगा संकेत कुमार प्रथम, महेश चंद्र द्वितीय, नविन सैनी तृतीय, अंडर 105 सागर गुर्जर प्रथम, ओवर 120 क्रिगा करन सिंह चौहान प्रथम। वेटलिफ्टिंग प्रतियोगिता सीनियर बालक वर्ग परिणाम अंडर 56 क्रिगा कबिर खान प्रथम, गुरविंदर द्वितीय, अंकित चौधरी तृतीय, अंडर 60 क्रिगा नवीन सैनी प्रथम, अंडर 65 क्रीगा परमजीत सिंह प्रथम, पियूष मीना द्वितीय, सद्दाम तृतीय, अंडर 71 क्रिगा यूथ डेविस प्रथम, चंद्र जीत सिंह द्वितीय, अंडर 71 क्रिगा अंकित सैनी प्रथम, विशाल द्वितीय अंडर 79 यूथ रिक्की अली प्रथम, अंडर 79 क्रिगा गजेन्द्र सिंह रहे ।

। संजीव शर्मा, गिरिश शर्मा, जितेन्द्र सैनी, आशिष जैमन, सहजाद, हरविंदर सिंह, आकाश, आशिष शर्मा, संदीप, अशोक कुमार, लक्ष्मी गुप्ता, डिम्पल सैनी आदि मौजूद रहे।

## AIPNBOF की दो दिवसीय केंद्रीय कमेटी बैठक संपन्न




### बैंक अधिकारियों के हित, कार्यदबाव व ग्राहक सेवा पर हुई विस्तृत चर्चा

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** ऑल इंडिया पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन (AIPNBOF) की केंद्रीय कमेटी की दो दिवसीय बैठक 27 व 28 दिसंबर 2025 को राज बिलाज होटल एंड रिजॉर्ट, कटी घाटी, अलवर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के केंद्रीय पदाधिकारी जैन के. त्रिवेदी ने की। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार कटारिया एवं महासचिव कृष्ण कुमार की विशेष उपस्थिति रही। बैठक में देशभर से पंजाब नेशनल बैंक के आंचल अध्यक्ष, आंचल सचिव, मंडल अध्यक्ष एवं मंडल सचिव शामिल हुए। इस दौरान बैंक अधिकारियों के हितों, बढ़ते कार्यदबाव, मानसिक तनाव तथा उसके बैंकिंग कार्यों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर गंभीर मंथन किया गया। वक्ताओं ने संगठन एवं बैंक की प्रगति के लिए आवश्यक सुझाव भी प्रस्तुत किए। महासचिव कृष्ण कुमार ने देश की आर्थिक स्थिति एवं बैंकिंग प्रणाली में आ रहे बदलावों की जानकारी देते हुए कहा कि वर्तमान समय में ग्राहक सेवा को और अधिक संवेदनशील, पारदर्शी एवं सौहार्दपूर्ण बनाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि आम नागरिक के मन में बैंक एवं अधिकारियों की सकारात्मक छवि बनी रहे। इस अवसर पर पीएनबी मंडल प्रमुख, अलवर श्वेतांक कुमार ने बताया कि राजस्थान आंचल में मंडल अलवर कार्य प्रगति के आधार पर तीसरे स्थान पर है, जिसका श्रेय मंडल के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों को जाता है। बैठक का सफल आयोजन AIPNBOF मंडल सचिव लोकेश कुमार मीणा एवं उनकी टीम द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मंडल अध्यक्ष इंद्रजीत यादव ने सभी अतिथियों व सहभागियों का आभार व्यक्त किया।

## श्री राम कथा में लक्ष्मण मूर्छा सहित अनेक सुनाए प्रसंग, श्री राम कथा सुनने उमड़ रही हैं भीड़

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के कंदोई बग़ीची में आयोजित श्रीराम कथा के अष्टम दिवस पर कथा स्थल भक्ति, करुणा और भावनाओं से ओतप्रोत नजर आया। व्यासपीठ से कथावाचक पं आचार्य बालकृष्ण कौशिक ने लक्ष्मण मूर्छा प्रसंग का अत्यंत मार्मिक एवं हृदयस्पर्शी वर्णन किया। जिसे सुनकर अनेक श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। कथा में बताया गया कि मेघनाद के शक्तिबाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने पर समस्त वानर सेना शोकाकुल हो उठी। भगवान श्रीराम का विलाप सुनकर वातावरण करुणामय हो गया। इस प्रसंग के माध्यम से भाई लक्ष्मण के प्रति श्रीराम का अपार प्रेम, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनाओं का गहन चित्रण प्रस्तुत किया गया। कथावाचक ने संजीवनी बूटी लाने हेतु हनुमान जी की अद्भुत भक्ति, शक्ति और समर्पण का भी भावपूर्ण वर्णन किया। हनुमान जी द्वारा संजीवनी लाकर लक्ष्मण को पुनर्जीवन मिलना प्रभु कृपा और सच्ची भक्ति की महिमा को दर्शाता है। इस प्रसंग से यह संदेश दिया गया कि संकट की घड़ी में धैर्य, विश्वास और भक्ति ही जीवन का संबल बनते हैं। कथा के दौरान श्रद्धालु हर-हर महादेव और जय श्रीराम के जयकारों के साथ भावविभोर नजर आए। अष्टम दिवस की रामकथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। जिन्होंने कथा श्रवण कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति की। कथा में विधायक अनिल शर्मा, उपसभापति अब्दुल रशीद चायल, नेता प्रतिपक्ष राजेश पारीक, राजकुमार सोनी, गंगाराम माली, बाबूलाल प्रजापत, सरपंच भरत, जितेंद्र राजवी, पार्षद ओमप्रकाश नाई, कुंजबिहारी जोशी, प्रह्लाद पांडिया, रितेश, बनवारीलाल बेरासरीया, पवन लूहारीवाला, अमृतलाल पोद्दार, नन्द किशोर मित्तल, ओमप्रकाश बेरासरीया, विनोद अग्रवाल, अजय, सुमीत राजगढ, शिवकुमार चाचान, मनोज भालेरीवाला, सांवरमल बायंवाला, नरेश कंदोई, निरंजन सर्राफ, गौरु सिंघानिया सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। कंदोई परिवार द्वारा आगंतुकों का दुपट्टा ओढ़ाकर व प्रभू श्रीराम की प्रतिमा भेंट कर स्वागत सत्कार किया गया।

## ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देती जिलास्तरीय कौशल बाल प्रतियोगिता

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निसं.)।** जहां कभी चंबल के बीहड़ों की पहचान कठिन भौगोलिक परिस्थितियों से होती थी, आज वहीं से शिक्षा की नई कहानी लिखी जा रही है। धौलपुर जिले में टीम हर घर शिक्षा द्वारा आयोजित तृतीय जिलास्तरीय वार्षिक कौशल बाल प्रतियोगिता ने यह साबित कर दिया है कि यदि सही दिशा और सच्चा प्रयास हो, तो शिक्षा हर घर तक पहुँच सकती है। इस ऐतिहासिक शैक्षिक आयोजन के अंतर्गत जिले में दो प्रमुख परीक्षा केंद्र बनाए गए। पहला केंद्र तालाबशाही खानपुर मीना (बाड़ी) तथा दूसरा एस.आर.के. कॉन्वेंट स्कूल, सरमथुरा में स्थापित किया गया। तालाबशाही बाड़ी केंद्र पर लगभग 800 विद्यार्थियों ने सहभागिता की, वहीं सरमथुरा केंद्र पर लगभग 900 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। इस प्रकार कुल मिलाकर 1700 से अधिक छात्र-छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लेकर जिले में शिक्षा के प्रति बढ़ते विश्वास और उत्साह को दर्शाया। धौलपुर जिले के ग्रामीण अंचलों से लेकर शहरी क्षेत्रों तक के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। परीक्षा के दौरान बैठने की व्यवस्था, अनुशासन एवं निष्पक्षता पूरी तरह संतोषजनक रही। जिले भर में इस आयोजन को लेकर सकारात्मक चर्चा बनी हुई है और लोग इसे धौलपुर के शैक्षिक इतिहास का एक महत्वपूर्ण अध्याय मान रहे हैं। यह प्रतियोगिता प्रतिवर्ष आयोजित की जाती है तथा इसमें कक्षा 1 से 12 तक के विद्यार्थियों के लिए पाठ्यक्रम आधारित प्रश्न पूछे जाते हैं, जिससे बच्चों की वास्तविक क्षमता का मूल्यांकन किया जा सके। तालाबशाही खानपुर मीना केंद्र पर केंद्र प्रभारी नीरज कुशवाह एवं सरमथुरा केंद्र पर केंद्र प्रभारी हरिओम मीणा ने अपनी-अपनी वीक्षक टीम के साथ मिलकर पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ परीक्षा का संचालन किया। सरमथुरा केंद्र पर एस.आर.के. स्कूल के सतीश बंसल जी द्वारा व्यवस्थाओं में सराहनीय सहयोग प्रदान किया गया, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर और सुरक्षित परीक्षा वातावरण मिल सका। इस आयोजन को सफल बनाने में जिले के अनेक शिक्षाविदों, समाजसेवियों, पत्रकार बंधुओं एवं सहयोगियों का अहम योगदान रहा। शिक्षाविद बच्चू सिंह रावत, वंदना शिवहरे, रामनिवास धौलपुरिया, सेवानिवृत्त CBO सुरेन्द्र सिंह परमार, मोहर सिंह, भैरो सिंह, माखन सिंह, समाजसेविका प्रीति गर्ग, रंजीता यादव, एस.के. फोटो स्टूडियो के शहजाद जी, कार्तिक शर्मा, भूरी सिंह, फूल सिंह, सचिन, राकेश, नगेंद्र सहित समस्त टीम का प्रयास सराहनीय रहा। वहीं एस.पी. साहब के निर्देशन में सुरक्षा व्यवस्था भी पूर्ण रूप से चाक-चौबंद रही। टीम हर घर शिक्षा के संस्थापक रोहित मीणा ने इस अवसर पर कहा कि उनका उद्देश्य केवल परीक्षा आयोजित करना नहीं, बल्कि धौलपुर जिले के प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा की पहुँच सुनिश्चित करना है। प्रतियोगिताओं, शैक्षिक अभियानों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से टीम निरंतर प्रयास कर रही है कि चंबल के बीहड़ों में रहने वाला बच्चा भी मुख्यधारा की शिक्षा से जुड़े। यह प्रतियोगिता धौलपुर जिले के लिए केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि शिक्षा के क्षेत्र में एक मजबूत कदम है। ऐसे प्रयास यह संदेश देते हैं कि धौलपुर अब शिक्षा के नक्शे पर मजबूती से उभर रहा है और आने वाले समय में जिले के बच्चे अपनी प्रतिभा से प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगे।

# कांग्रेस के स्थापना दिवस पर पीसीसी में झंडारोहण कार्यक्रम, डोटासरा ,टीकाराम जूली सहित कई नेता रहे मौजूद

## उन्नाव केस में आरोपी की जमानत के विरोध में महिला कांग्रेस की ओर से पीसीसी से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च का आयोजन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर रविवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में झंडारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पार्टी कार्यालय में झंडारोहण किया इस मौके पर कांग्रेस पार्टी की सेवादल इकाई की ओर से सलामी परेड का आयोजन किया गया झंडा रोहण कार्यक्रम में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली सहित पार्टी के संगठन से जुड़े कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे रविवार को कांग्रेस पार्टी के स्थापना दिवस के कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पार्टी के कुछ ही विधायक और संगठन से जुड़े नेताओं के पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा काफी नाराज और गुस्से में दिखे उन्होंने पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में साफ कह दिया कि अब भविष्य में जो पार्टी के लिए काम करेगा जो पार्टी की नीति नियम और सिद्धांतों के अनुसार कार्य करेगा और पूरी तरह से निष्ठा के साथ पार्टी में सक्रियता दिखाएगा पार्टी उसे ही टिकट देगी उन्होंने कहा कि अब बहुत हो चुका अब सिर्फ चुनाव के समय ही चेहरा दिखाने वाले नेताओं को टिकट नहीं मिलेगा जो नियमित रूप से पार्टी के लिए कार्य करेगा उसे ही पार्टी टिकट देगी डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने भारत की आजादी से पहले और आजादी के बाद देश किसी के विकास और देशवासियों के कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य किया हमारी पार्टी के कई नेताओं ने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी चाहे इंदिरा गांधी हो राजीव गांधी हो इन तमाम नेताओं ने देश के लिए अपना सर्वत्र न्योछावर कर दिया भारत की आजादी में भी कांग्रेस का अग्रणी योगदान रहा और आजादी के बाद भी कांग्रेस पार्टी ने देश के नवनिर्माण में सब कुछ न्योछावर कर दिया लेकिन आज देश में संविधान और लोकतंत्र खतरे में है आज देश का शासन ऐसे लोगों के हाथों में आ गया है जो तानाशाह रवैया दिखाते हुए अपने शिक्षा के मुताबिक निर्णय ले रहे हैं जिसकी वजह से देश का संविधान और लोकतंत्र खतरे में पड़ा हुआ है डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे पुरानी और मजबूत पार्टी है जिसने भारत को नई दिशा दी जिसने भारत को पूरी दुनिया में नहीं पहचान दिलाई इसलिए भले ही केंद्र में हमारी सरकार नहीं हो लेकिन हमारी पार्टी के कार्यकर्ता सच्चे सिपाही की तरह अब भी डटे हुए हैं और कांग्रेस पार्टी एकजुट होकर तानाशाही ताकतों का मुकाबला करेगी प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि अगले साल 5 जनवरी से कांग्रेस पार्टी मनरेगा को लेकर पूरे देश में एक बड़ा आंदोलन कांग्रेस पार्टी मनरेगा में एक नया कानून बनाने की मांग करेगी पार्टी का संघर्ष लगातार जारी रहेगा उन्होंने कहा कि जिस तरह से केंद्र की मोदी सरकार किसान बिल वापस लेने पड़े थे ठीक इसी तरह से मनरेगा को लेकर केंद्र की मोदी सरकार को अपना निर्णय वापस लेना पड़ेगा उन्होंने कहा कि अरावली पर्वतमाला को लेकर भी सिर्फ केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार बयान बाजी कर रही है हकीकत में कुछ भी कार्य नहीं हो रहा इसलिए अरावली पर्वतमाला के संरक्षण और सुरक्षा तथा मनरेगा को लेकर कांग्रेस पार्टी अपने आंदोलन को और तेज करेगी ।

## उन्नाव केस में आरोपी की जमानत के विरोध में महिला कांग्रेस ने जयपुर में रैली निकाली

उन्नाव केस में आरोपी की जमानत के विरोध में प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से रविवार को जयपुर में रैली निकाली गई प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और उन्नाव केस में आरोपी की जमानत के विरोध में गहरा आक्रोश प्रकट किया प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से महिला कांग्रेस की रैली को रवाना किया यह रैली महिला कांग्रेस कार्यालय से शहीद स्मारक तक पहुंची रैली के दौरान महिला कांग्रेस की कार्यकर्ताओं के हाथों में पोस्टर बैनर थे जिन पर उन्नाव केस के आरोपी की जमानत के विरोध में महिलाएं अपना आक्रोश प्रकट करने संबंधी नारे अंकित किए हुए थी इसके अलावा महिला कांग्रेस की कार्यकर्ता महिला की सुरक्षा और संरक्षण के लिए आवाज उठा रही थी ।

## कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने अरावली पर कांग्रेस के प्रदर्शन को दिखावटी और सजावटी बताया

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा को झूठ ना बोलने की सलाह दी है और अरावली के मुद्दे पर कांग्रेस के प्रदर्शन को दिखावटी बनावटी और सजावटी बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के राज में तो खनन माफिया हावी था। लेकिन हमारी डबल इंजन की सरकार ने अवैध खनन पर कठोर कार्यवाही कर लगाम लगाई है। कैबिनेट मंत्री ने कहा है कि वर्ष 2002 और 2009 में अरावली की परिभाषा बदलने वाली कांग्रेस थी। इनके नेता आज प्राकृतिक संसाधनों को बचाने का स्वांग रच रहे हैं। उन्होंने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की लीडरशिप में अरावली के संरक्षण के लिए राज्य सरकार पूरी तरह सचेत सजग और प्रतिबद्ध है। कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि गोविंद सिंह डोटासरा को बीजेपी का विकास इसलिए नहीं दिखता क्योंकि उन्होंने अपने ही हाथों से खुद की आंखे बंद कर रखी हैं। उन्होंने कहा है कि राजस्थान में कांग्रेस के पिछले शासन में अवैध खनन का रिकॉर्ड बना था। इनके द्वारा माफियाओं को मिले संरक्षण ने प्रदेश के पहाड़, जंगल, जमीन और नदियों की आत्मा को छलनी कर दिया। कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने कहा है कि डबल इंजन सरकार ने अवैध खनन और भंडारण के विरूद्ध कार्यवाही की है। 19 हजार से ज्यादा वाहनों और मशीनों को जब्त किया है। 2 हजार से ज्यादा एफआईआर दर्ज हुई हैं और 1100 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## अशोक गहलोत की ओर से ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर पेश, प्रदेश और देश के खुशहाली की कामना की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की ओर से रविवार को अजमेर में ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर पेश की गई यह चादर गहलोत की ओर से कांग्रेस नेता खानुखाबुधवाली की ओर से प्रस्तुत की गई इस मौके पर कांग्रेस नेता धर्मेंद्र राठौर और अन्य कांग्रेस से भी उपस्थित थे । ख्वाजा साहब की दरगाह पर चादर पेश करने के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने गहलोत की ओर से भेजे गए संदेश को भी पढ़ कर सुनाया। गहलोत ने अपने संदेश में कहा है कि ख्वाजा साहब भाईचारा प्रेम मानवता के प्रतीक थे और मानव प्रजाति के कल्याण के लिए उनके दिल में दया भाव था उन्होंने लोगों से कहा है कि ख्वाजा साहब के जीवन से प्रेरणा लेकर समाज देश और प्रदेश के विकास में अपना योगदान दे गहलोत ने प्रदेश और देश के खुशहाली और अमन चैन की भी प्रार्थना की उल्लेखनीय है कि इन दिनों अजमेर में ख्वाजा साहब के उर्स का आयोजन हो रहा है देश और विदेश के लोग बड़ी संख्या में यहां पर ख्वाजा साहब की दरगाह पर माथा टेकने आ रहे हैं दरगाह पर विभिन्न दलों के राजनेताओं फिल्म जगत से जुड़े लोगों व्यापार जगत से जुड़े लोगों ने भी यहां पर आकर चादर अर्पित करके खुद के लिए और देश की खुशहाली के लिए मन्नत मांगी ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से भी यहां पर चादर पेश की गई है। इसके अलावा गृहमंत्री अमित शाह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से भी यहां पर चादर पेश की जा चुकी है उल्लेखनीय है कि ख्वाजा साहब की दरगाह के भारत में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के लोगों की आस्था का बड़ा केंद्र है यहां पर मुस्लिम समुदाय के लोग ही नहीं बल्कि हर जाति और बिरादरी के लोग यहां पर वर्ष पर्यंत ख्वाजा साहब की दरगाह पर जाकर मन्नत मांगते हैं और यहां जो भी आता है उसकी मन्नत पूरी भी होती है ।

## मणिपाल यूनिवर्सिटी के छात्र ने 12वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या की

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** बगरू थाना इलाके में स्थित मणिपाल यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्र ने एक भवन की 12वीं मंजिल से कूद कर आत्महत्या कर ली। मृतक प्रियांशु राज है जो पटना के आशियाना रंगम का रहने वाला है और यहां मणिपाल यूनिवर्सिटी में फर्स्ट सेमेस्टर का छात्र था ।जानकारी के अनुसार पिछले दिनों परीक्षा में नकल के दौरान प्रियांशु राज पकड़ा गया था। जिसके बाद से ही वह गहरे मानसिक अवसाद में चल रहा था ।रविवार को स्कूटी पर सवार होकर वह एक निर्माणाधीन बिल्डिंग की 12वीं मंजिल पर जा पहुंचा और वहां से नीचे चलांग लगा ली जिससे नीचे कूद गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई ।मृतक छात्रा के बैग में चूहे मारने की दवाई भी मिली है पुलिस ने मृतक छात्रा के बिहार निवासी परिजनों को भी सूचित कर दिया है इस घटना के बाद मणिपाल यूनिवर्सिटी कैंपस में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं में शोक की लहर फैल गई । यूनिवर्सिटी प्रशासन भी इस हादसे को लेकर काफी दुखी है । पुलिस ने मृतक छात्रा के शव को कब्जे में कर लिया है घटनास्थल से आवश्यकता और सबूत भी जुटे हैं इसके अलावा मृतक छात्र के साथ पढ़ने वाले छात्रों से भी आवश्यक पूछताछ की जा रही है यूनिवर्सिटी प्रशासन से जुड़े लोगों से भी पुलिस इस मामले में पूछताछ कर रही है इसके अलावा यूनिवर्सिटी के शिक्षक से भी पुलिस पूछताछ कर रही है पूछताछ में अब तक यही सामने आया है कि परीक्षा में नकल करते पकड़े जाने के बाद से ही प्रियांशु राज काफी उदास और हताश रहता था और बहुत कम बोलता था पुलिस का भी यही कहना है कि कहीं ना कहीं नकल में पकड़े जाने के बाद मानसिक अवसाद की वजह से ही प्रियांशु राज ने आत्महत्या की है ।

## अवैध अतिक्रमण पर प्रहार- तीन दिन में 30 से ज्यादा स्थानों से अवैध कब्जे हटाए, 1.33 लाख रुपये वसूले

**जयपुर(कासं.)।** नगर निगम जयपुर द्वारा शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने की दिशा में सख्त कदम उठाते हुए लगातार तीन दिवसीय महाअभियान चलाया गया। आयुक्त डॉ गौरव सैनी के निर्देश पर 26, 27 व 28 दिसंबर को नगर निगम की टीमों ने शहर के प्रमुख बाजारों व व्यस्त मार्गों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अतिक्रमण हटाया और नियम तोड़ने वालों पर जुर्माना लगाया। इस व्यापक अभियान के दौरान बड़ी चौपड़, हवामहल बाजार, हवा महल रोड, सिटी पैलेस क्षेत्र, चौड़ा रास्ता, जोहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, किशनपोल बाजार, रामगंज चौपड़, सांगानेरी गेट, पुराना आमेर रोड, मोती कटला, ब्रह्मपुरी बाजार सहित 30 से अधिक स्थानों पर अतिक्रमण हटाया गया। नगर निगम की टीमों ने सड़क किनारे लगाए गए ठेले, अस्थायी दुकानें, अवैध सामग्री व अतिक्रमण हटाकर यातायात व्यवस्था को सुचारू किया। अभियान के दौरान कुल 9 ट्रक सामग्री जब्त की गई, जिसमें पहले चरण में 5 ट्रक सामान जब्त कर 82,500 वसूल किए गए, दूसरे चरण में 4 ट्रक सामग्री जब्त कर 51,000 का परिवहन शुल्क एवं जुर्माना वसूला गया। नगर निगम सतर्कता शाखा उपायुक्त ने बताया कि शहर को अतिक्रमण मुक्त, सुव्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं और नगर निगम के प्रयासों में सहयोग करें, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम का स्पष्ट संदेश -

'सार्वजनिक रास्तों पर अतिक्रमण नहीं, नियमों का पालन ही शहर की पहचान।'

## वसुंधरा राजे ने झालावाड़ जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, दुष्यंत सिंह भी रहे साथ

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने रविवार को झालावाड़ सांसद और अपने पुत्र दुष्यंत सिंह के साथ झालावाड़ के जिला अस्पताल और झालावाड़ के मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। वसुंधरा राजे ने अस्पताल में भर्ती मरीज और उनके परिजनों से आत्मीय भाव से मुलाकात की और अस्पताल में उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी तो नहीं हो रही इसके बारे में भी जानकारी हासिल की वसुंधरा राजे ने अस्पताल के एक-एक वार्ड में जाकर मरीज और उनके परिजनों से बातचीत की अस्पताल में डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ के व्यवहार और कार्य शैली के बारे में भी मरीज से पूछताछ की तथा अस्पताल में दवाई वितरण और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में भी मरीज और उनके परिजनों से वसुंधरा राजे ने सवाल जवाब किया इस मौके पर झालावाड़ जिला कलेक्टर भी मौजूद रहे ।वसुंधरा राजे ने मेडिकल कॉलेज का भी दौरा किया और वहां पढ़ रहे मेडिकल स्टूडेंट से उन्होंने बातचीत की मेडिकल स्टूडेंट से उनकी परेशानियों के बारे में सवाल जवाब किया तथा अस्पताल और मेडिकल कॉलेज में क्या-क्या कमियां है इसके बारे में भी अस्पताल प्रशासन और मेडिकल कॉलेज प्रशासन से जुड़े अधिकारियों से उन्होंने बातचीत की वसुंधरा राजे ने अस्पताल प्रशासन से जुड़े लोगों से मरीजों की समुचित देखभाल और उनके अच्छे ट्रीटमेंट की व्यवस्था के लिए गंभीरता से और ईमानदारी से कार्य करने को कहा उल्लेखनीय है कि वसुंधरा राजे पिछले कुछ दिनों से लगातार झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लेने के साथ-साथ लोगों से आत्मीय भाव से मुलाकात करके उनसे उनकी परेशानियों के बारे में भी पूछ रही हैं इसके अलावा लोकसभा क्षेत्र में विकास कार्यों की भी लगातार समीक्षा कर रही हैं उनके साथ उनके पुत्र दुष्यंत सिंह भी दौर में मौजूद रहते हैं दुष्यंत सिंह लगातार झालावाड़ से चौथी बार सांसद चुने गए थे और वसुंधरा राजे वर्तमान में झालरापाटन से विधायक है झालावाड़ वसुंधरा राजे का गृह जिला माना जाता है और मुख्यमंत्री रहने के दौरान झालावाड़ में वसुंधरा राजे ने व्यापक तौर पर विकास कार्य भी करवाए थे लेकिन पिछले दिनों अंता विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी मोरपाल सुमन की पराजय से कहीं ना कहीं वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह दोनों को गहरा झटका लगा क्योंकि मोरपाल सुमन वसुंधरा राजे की पसंद के ही उम्मीदवार थे और दुष्यंत सिंह एक तरीके से मोरपाल सुमन के चुनाव प्रबंधन का कार्य भी देख रहे थे यहां पर वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह ने चुनाव प्रचार में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी थी दुष्यंत सिंह ने यहां पर एक तरीके से उपचुनाव में डेरा तक डाल दिया था लेकिन इसके बावजूद भी यहां मोरपाल सुमन को पराजय का सामना करना पड़ा जबकि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वसुंधरा राजे दोनों ने दो बार यहां पर बड़ा रोड शो का भी आयोजन किया जिसमें बड़ी संख्या में लोग भी नजर आए लेकिन इसके बावजूद भी कांग्रेस प्रत्याशी प्रमोद जैन भाया उपचुनाव में जीत गए अंता विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में मोरपाल सुमन की हार के बाद से ही वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह लगातार झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र के दौरे पर नजर आ रहे हैं जानकार लोगों का कहना है कि कहीं ना कहीं वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह को यह एहसास हो गया है कि अगर नियमित रूप से लोगों से मुलाकात और संवाद नहीं रखा जाएगा तो फिर आने वाले दिनों में झालावाड़ में उनकी पकड़ कमजोर भी हो सकती है इसीलिए पिछले कुछ दिनों से वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह दोनों ही झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र का नियमित रूप से दौरा कर रहे हैं और विकास कार्यों का लगातार जायजा लेरहे हैं ।

## चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने की जनसुनवाई, बड़ी संख्या में आए लोग

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने रविवार को खींवसर फोर्ट में अटल सेवा केंद्र में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया इस जनसुनवाई कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग आए लोगों ने राजस्व विभाग से जुड़ी समस्याओं के अलावा पेंशन पानी बिजली इत्यादि विभाग से जुड़ी समस्याएं चिकित्सा मंत्री को बताई जिनके निवारण के लिए मंत्री खींवसर ने संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत करके समस्याओं के जल्दी से जल्दी निस्तारण के निर्देश दिए उल्लेखनीय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंत्रिमंडल के सदस्यों और पार्टी के विधायकों को अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में नियमित रूप से जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजन करने के लिए निर्देशित किया हुआ है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा खुद भी नियमित रूप से अपने आवास पर जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन करते हैं इसके अलावा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी, मुख्यमंत्री डॉ प्रेमचंद बैरवा सहित पार्टी के सभी मंत्री जयपुर स्थित अपने आवास पर तो जनसुनवाई कार्यक्रम का निर्धारण वार को आयोजन करते ही हैं इसके अलावा मंत्री अपने निर्वाचन क्षेत्र में भी जाकर वहां अपने क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का निवारण करने का प्रयास करते हैं इसी क्रम में गजेंद्र सिंह खींवसर भी नियमित रूप से अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए सतत प्रयास करते हुए नजर आते हैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेश भाजपा कार्यालय में भी राज्य मंत्रिमंडल के सदस्य सप्ताह में शुरू के तीन दिन बैठकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करते हैं लेकिन पिछले कुछ दिनों से यह कार्यक्रम फिलहाल बंद है क्योंकि सरकार के 2 साल पूरा होने के अवसर पर सरकार की ओर से पूरे प्रदेश भर में कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं इसलिए सरकार के सभी मंत्री इन कार्यक्रमों में व्यस्त है इसलिए प्रदेश भाजपा कार्यालय में मंत्रियों का दरबार फिलहाल आयोजित नहीं किया जा रहा लेकिन बहुत जल्दी ही फिर से सरकार के मंत्री प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की समस्याओं का समाधान करेंगे इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के सभी विधायकों को भी निर्देशित किया है कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में नियमित रूप से दौरा करके लोगों की समस्याओं का समाधान करें और विकास कार्यों का भी नियमित रूप से मौके पर जाकर जायजा लेते रहें ताकि लोगों का सरकार और उनके प्रति जुड़ाव बना रहेगा आने वाले दिनों में पंचायत राज और नगर निकायों के चुनाव आयोजित होने वाले हैं ऐसे में मुख्यमंत्री शर्मा चाहते हैं कि इन चुनाव में पार्टी को अच्छी सफलता मिली और यह तभी संभव हो पाएगा जब पार्टी की जनप्रतिनिधि नियमित रूप से लोगों से संवाद करते रहें और उनकी समस्याओं का समाधान करते रहे यही वजह है कि वसुंधरा राजे पिछले कुछ दिनों से लगातार अपने निर्वाचन क्षेत्र और झालावाड़ लोकसभा क्षेत्र में व्यस्त है और सरकार के तमाम मंत्री भी अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में नियमित रूप से जाकर लोगों से संवाद करके उनकी समस्याओं का निवारण कर रहे हैं ।

## प्रतिभा सम्मान समारोह समाज में शिक्षा एवं परिश्रम के मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं : केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी

जयपुर टाइम्स



**रूपनगढ़/किशनगढ़** अजमेर संसदीय क्षेत्र के रूपनगढ़ और किशनगढ़ में आयोजित प्रतिभा सम्मान एवं सेवा कार्यक्रमों में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री तथा अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी ने सहभागिता कर समाज को शिक्षा, मेहनत, अनुशासन और सेवा के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल मेधावी विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ता है, बल्कि समाज में सकारात्मक प्रतिस्पर्धा और आगे बढ़ने की प्रेरणा भी मिलती है। रूपनगढ़ स्थित अम्बेडकर छात्रावास में मेघवाल समाज विकास समिति, रूपनगढ़-चम्मालिसा द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज के मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भागीरथ चौधरी ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। जब समाज अपनी प्रतिभाओं को पहचानकर सम्मान देता है, तब नई पीढ़ी लक्ष्यबद्ध होकर आगे बढ़ती है और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में मजबूत कदम रखती है। इसी क्रम में किशनगढ़ में सैनी समाज विकास समिति द्वारा आयोजित 11वें प्रतिभा सम्मान समारोह में भी केंद्रीय मंत्री ने भाग लिया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित विद्यार्थियों, उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं, राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर समाज का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों तथा समाजसेवा से जुड़े पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। मंत्री ने कहा कि प्रतिभा सम्मान समारोह विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और समाज में शिक्षा एवं कड़ी मेहनत की संस्कृति को मजबूत करते हैं। इसके अतिरिक्त किशनगढ़ में श्रीकृष्ण वृद्धजन सेवा संस्थान द्वारा आयोजित स्मारिका विमोचन एवं भामाशाह सम्मान समारोह में भी भागीरथ चौधरी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न अंग है। इस अवसर पर सेवा कार्यों में निस्वार्थ योगदान देने वाले भामाशाहों को सम्मानित किया गया। अंत में मंत्री ने आयोजक संस्थाओं और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान और सेवा कार्यों को प्रोत्साहन ही सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव है।

## लोकप्रिय हो रहा मेला, एक ही छत के नीचे देशभर के ज़ायकों और रचनात्मक गतिविधियों का संगम

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** शहर में आयोजित मेला दिनों-दिन लोगों के बीच खासा लोकप्रिय होता जा रहा है। मेले में लगे फूड स्टॉल्स देश की समृद्ध और विविध खानपान परंपरा की सजीव झलक प्रस्तुत कर रहे हैं। स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा तैयार पारंपरिक व्यंजन विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। दाल-बाटी-चूरमा, पराठा, पूड़ी-सब्ज़ी, कचौड़ी, पकौड़ी, दूध-जलेबी, रबड़ी, बाजरे और मक्के की रोटी, केर-सांगरी, राब, छाछ, बीकानेरी मिठाइयाँ तथा जीआई टैग प्राप्त कलाड़ी ने लोगों का खूब ध्यान खींचा है। इसके साथ ही चाय-पकौड़े, कुल्हड़ चाय, भेलपुरी, दही पापड़ी, पापड़ी चाट, पाव भाजी, दाबेली, बड़ापाव, स्वीट कॉर्न, गाजर का हलवा, टमाटर सूप, कुल्फी, आइसक्रीम, कॉफी-कोल्ड कॉफी, बर्गर, सैंडविच, मोमोज, चाउमीन, पास्ता, मैगी, इडली और लिट्टी-चोखा जैसे व्यंजन फूड कोर्ट को स्वाद प्रेमियों के लिए खास बना रहे हैं। मेले में रचनात्मकता और डिजिटल सहभागिता को बढ़ावा देने के लिए फोटोग्राफी और इन्फ्लुएंसर कॉन्टेस्ट भी आयोजित किए जा रहे हैं। फोटोग्राफी कॉन्टेस्ट के तहत आगंतुक मेले के रंग-बिरंगे पलों और सांस्कृतिक झलकियों को कैमरे में कैद कर विशेष टैग्स के साथ सोशल मीडिया पर साझा कर रहे हैं, जिससे उन्हें प्रतिदिन आकर्षक पुरस्कार जीतने का अवसर मिल रहा है। वहीं इन्फ्लुएंसर मीट में शहर के प्रमुख कंटेंट क्रिएटर्स ने भाग लेकर मेले से जुड़ा रचनात्मक कंटेंट तैयार किया है। प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा 4 जनवरी को की जाएगी, जिसमें प्रथम पुरस्कार 1.50 लाख रुपये, द्वितीय 1 लाख रुपये और तृतीय पुरस्कार 50 हजार रुपये रखा गया है। आगंतुकों को प्रोत्साहित करने के लिए 18 दिनों तक लकी खरीदार अवॉर्ड योजना भी चलाई जा रही है। न्यूनतम एक हजार रुपये की खरीदारी पर प्रतिदिन दो भाग्यशाली खरीदारों को 20 हजार से 50 हजार रुपये तक के आकर्षक उपहार दिए जा रहे हैं। पारदर्शी लकी ड्रॉ के माध्यम से दिए जा रहे ये पुरस्कार मेले के प्रति लोगों का उत्साह और आकर्षण लगातार बढ़ा रहे हैं।

## सांवलियाजी के मंदिर में देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने की पूजा

**चितौड़गढ़(निसं.)।** पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत रविवार को चित्तौड़गढ़ जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने अपने दौरे की शुरुआत प्रसिद्ध कृष्णधाम सांवलिया सेठ मंदिर से की। मंदिर पहुंचने पर उन्होंने विधिवत दर्शन किए और भगवान के चरणों में माथा टेककर प्रदेश की खुशहाली की कामना की। इस दौरान मंदिर परिसर में शांति



और अनुशासन का माहौल रहा तथा श्रद्धालुओं में भी खास उत्साह देखने को मिला। मंत्री जोराराम कुमावत के मंदिर आगमन को देखते हुए प्रशासन की ओर से पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। मंदिर परिसर और आसपास पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी तरह की अव्यवस्था न हो। दर्शन के बाद मंदिर के पुजारी द्वारा मंत्री कुमावत का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। पुजारी ने उन्हें चरणामृत और तुलसी का पत्ता दिया गया। इसके बाद उपरणा ओढ़ाकर सम्मान किया गया। पूरे कार्यक्रम में धार्मिक परंपराओं का विशेष ध्यान रखा गया और सभी रस्में सादगी के साथ निभाई गईं। इस दौरान देवस्थान मंत्री कुमावत ने इन दिनों श्रद्धालुओं की लगातार बढती भीड़ को देखते हुए सुरक्षा-व्यवस्था माकूल रखने के भी निर्देश दिए। सुमेरपुर से सांवलिया जी पहुंचे मंत्री जोराराम मंत्री जोराराम कुमावत सुमेरपुर से सीधे सांवलिया सेठ मंदिर पहुंचे थे। उनके साथ समर्थक और स्थानीय लोग भी मौजूद रहे। मंत्री ने मंदिर में दर्शन के बाद कुछ समय रुककर मंदिर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। दर्शन के बाद मंत्री जोराराम कुमावत मेवाड़ कुमावत समाज के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए। इस कार्यक्रम में समाज के लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

## कहानी

### व्यापारी का पतन और उदय


वर्धमान नामक शहर में एक बहुत ही कुशल व्यापारी दंतिल रहता था। राजा को उसकी क्षमताओं के बारे में पता था जिसके चलते राजा ने उसे राज्य का प्रशासक बना दिया। अपने कुशल तरीकों से व्यापारी दंतिल ने राजा और आम आदमी को बहुत खुश रखा। कुछ समय के बाद व्यापारी दंतिल ने अपनी लड़की का विवाह तय किया। इस उपलक्ष्य में उसने एक बहुत बड़े भोज का आयोजन किया। इस भोज में उसने राज परिवार से लेकर प्रजा तक सभी को आमंत्रित किया। राजघराने का एक सेवक, जो महल में झाड़ू लगाता था, वह भी इस भोज में शामिल हुआ। मगर गलती से वह एक ऐसी कुर्सी पर बैठ गया जो केवल राज परिवार के लिए रखी हुयी थी। सेवक को उस कुर्सी पर बैठा देखकर व्यापारी दंतिल को गुस्सा आ जाता है और वह सेवक को दुत्कार कर वह वहाँ से भगा देता है। सेवक को बड़ी शर्मिंदगी महसूस होती है और वह व्यापारी दंतिल को सबक सिखाने का प्रण लेता है। अगले ही दिन सेवक राजा के कक्ष में झाड़ू लगा रहा होता है। वह राजा को अर्धनिद्रा में देख कर बड़बड़ाना शुरू करता है। वह बोलता है, 'इस व्यापारी दंतिल की इतनी मजाल की वह रानी के साथ दुर्व्यवहार करे।' यह सुन कर राजा की नींद खुल जाती है और वह सेवक से पूछता है, 'क्या यह वाकई में सच है? क्या तुमने व्यापारी दंतिल को दुर्व्यवहार करते देखा है?' सेवक तुरंत राजा के चरण पकड़ता है और बोलता है, 'मुझे माफ़ कर दीजिये, मैं कल रात को सो नहीं पाया। मेरी नींद पूरी नहीं होने के कारण कुछ भी बड़बड़ा रहा था।' यह सुनकर राजा सेवक को कुछ नहीं बोलता लेकिन उसके मन में शक पैदा हो जाता है। उसी दिन से राजा व्यापारी दंतिल के महल में निरंकुश घूमने पर पाबंदी लगा देता है और उसके अधिकार कम कर देता है। अगले दिन जब व्यापारी दंतिल महल में आता है तो उसे संतरिया रोक देते हैं। यह देख कर व्यापारी दंतिल बहुत आश्चर्य -चकित होता है। तभी वहीँ पर खड़ा हुआ सेवक मज़े लेते हुए बोलता है, 'अरे संतरियों, जानते नहीं ये कौन हैं? ये बहुत प्रभावशाली व्यक्ति हैं जो तुम्हें बाहर भी फिंकवा सकते हैं। ठीक वैसे ही जैसा इन्होने मेरे साथ अपने भोज में किया था। तनिक सावधान रहना।' यह सुनते ही व्यापारी दंतिल को सारा माजरा समझ में आ जाता है। वह सेवक से माफ़ी मांगता है और सेवक को अपने घर खाने पर बुलाता है। व्यापारी दंतिल सेवक की खूब आव-भगत करता है। फिर वह बड़ी विनम्रता से भोज वाले दिन किये गए अपमान के लिए क्षमा मांगता है और बोलता है की उसने जो भी किया, गलत किया। सेवक बहुत खुश होता है और व्यापारी दंतिल से बोलता है, 'आप चिंता ना करें, मैं राजा से आपका खोया हुआ सम्मान आपको ज़रूर वापस दिलाउंगा।' अगले दिन राजा के कक्ष में झाड़ू लगाते हुआ सेवक फिर से बड़बड़ाने लगता है, 'हे भगवान, हमारा राजा तो इतना मूर्ख है कि वह गुसलखाने में खीरे खाता है।' यह सुनकर राजा क्रोधित हो जाता है और बोलता है, 'मूर्ख, तुम्हारी ये हिम्मत? तुम अगर मेरे कक्ष के सेवक ना होते, तो तुम्हें नौकरी से निकाल देता।' सेवक फिर राजा के चरणों में गिर जाता है और दुबारा कभी ना बड़बड़ाने की कसम खाता है। राजा भी सोचता है कि जब यह मेरे बारे में इतनी गलत बातें बोल सकता है तो इसने व्यापारी दंतिल के बारे में भी गलत बोला होगा। राजा सोचता है की उसने बेकार में व्यापारी दंतिल को दंड दिया। अगले ही दिन राजा व्यापारी दंतिल को महल में उसकी खोयी प्रतिष्ठा वापस दिला देता है। दमनक से यह कथा सुनकर संजीवक ने कहा, 'ठीक है। तुम जो कहते हो, वही करूँगा।' तब दमनक उसे साथ लेकर पिंगलक के पास आया। बोला, ''महाराज, मैं संजीवक को ले आया हूँ।'' संजीवक ने भी पिंगलक को नमस्कार किया और पास ही बैठ गया। पिंगलक ने संजीवक बैल के ऊपर अपना दाहिना हाथ रखते हुए पूछा, ''आप इस वन में कहाँ से आए हैं? यहाँ कुशल से तो रहते हैं?' संजीवक ने अपनी सारी कथा उसको सुना दी। पिंगलक ने उसकी कथा सुनकर उससे कहा कि तुम निडर होकर मेरे द्वारा सुरक्षित इस वन में विचरण करो। इसके बाद पिंगलक ने अपने जंगल का राजकाज नए मंत्रियों करटक और दमनक को सौंप दिया और खुद संजीवक के साथ आनंद से रहने लगा। संजीवक ने कुछ दिनों में ही अपनी बुद्धि के प्रभाव से जंगली पिंगलक की हिंसक आदतें छुड़ाकर उसे ग्राम्य धर्म में लगा दिया। पिंगलक भी उसकी बातों में रुचि लेने लगा। उसकी हिंसा की वृत्ति समाप्त हो गई। वह अब हरिणों और दूसरे जानवरों को अपने नजदीक नहीं आने देता था। करटक और दमनक को भी दूर- ही-दूर रखता था। परिणाम यह हुआ कि सिंह के शिकार से बचे हुए भोजन से ही पेट भरनेवाले छोटे-छोटे जानवर भूख से व्याकुल हो गए।

# आवश्यक हुआ एआई को अपनाना

*सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग के शब्दों में कहें तो हम सॉफ्टवेयर एजेंट्स के लिए एचआर मैनेजर बन गए हैं। इस गुजरते साल पर्दे के पीछे एआइ की भौतिक नींव भी तैयार हो रही थी। एटम्स फॉर एल्गोरिदम्स आंदोलन के तहत बड़ी टेक कंपनियों ने गीगावाट-स्तरीय डाटा केंद्रों को ऊर्जा देने के लिए परमाणु ऊर्जा की ओर रुख किया। एआइ ने सिर्फ सॉफ्टवेयर को नहीं बदला, बल्कि वैश्विक ऊर्जा अवसंरचना को भी नए सिरे से आकार देना शुरू कर दिया। इसी बीच चीन ने बिना शोर-शराबे के वर्ष 2025 में बढ़त बना ली। उसका फोकस एजीआई (आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस) की समय-सीमाओं की घोषणा करने के बजाय अनुप्रयोगों, ओपन-सोर्स नेतृत्व और ऊर्जा प्रचुरता पर रहा। एजीआई को मानव-स्तरीय एआई भी कहा जाता है।*

*यह एक ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता है, जो लगभग सभी संज्ञानात्मक कार्यों में मानव क्षमताओं के बराबर या उनसे भी आगे निकल सकती है। ओपन-सोर्स का स्वामित्व एक बार फिर दीर्घकालिक रणनीतिक बढ़त साबित हुआ। बीत रहा वर्ष एआई के स्याह पहलुओं को भी उजागर कर गया। हम उनकी अनदेखी नहीं कर सकते। डीपफेक्स ने दुनिया भर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए खतरा पैदा किया, एआई कंपैनियंस ने अकेलेपन और मानवीय संबंधों को लेकर असहज सवाल खड़े किए और उद्योग एक डाटा सीमा से टकरा गया, जिससे सिंथेटिक डाटा की ओर झुकाव बढ़ा। इसके बावजूद इस साल के अंत तक गूगल एक अप्रत्याशित एआई लीडर के रूप में उभरा, जिसने चिप्स, माडल्स, डाटा और डिस्ट्रीब्यूशन में अपनी फुल-स्टैक ताकत का लाभ उठाया। अगर वर्ष 2025 क्षमताओं का साल था तो 2026 विवेक का होगा। हम उस दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसे रीजनिंग वेब का युग कहा जाता है, जहां सर्च इंजन लिंक दिखाने के बजाय सीधे उत्तर देने वाले इंजन बन जाएंगे और एआई ब्राउजर ज्ञान को समेटकर प्रस्तुत करेंगे। हालांकि इससे वेब की आर्थिक संरचना को नए सिरे से गढ़ना पड़ेगा, अन्यथा यह उन्हीं क्रिएटर्स को नुकसान पहुंचाएगा, जिन पर एआई निर्भर है। इसी समय एजेंट्स कोपायलट से आगे बढ़कर सहयोगी बन जाएंगे और हल्की मानवीय निगरानी में पूरे वर्कफ्लो चला सकेंगे।*

*वर्ष 2026 वह साल भी होगा, जब एआइ को शरीर मिलेगा। फिजिकल एआई यानी रोबोट्स और ऑटोनॉमस सिस्टम्स प्रयोगशालाओं से बाहर निकलकर वेयरहाउस, फैक्ट्रियों और शहरों की सड़कों तक पहुंचेंगे। सेल्फ-ड्राइविंग कारों का अलग-अलग शहरों और महाद्वीपों में विस्तार इस बात का संकेत है कि एंबेडेड इंटेलिजेंस अब कल्पना नहीं, बल्कि वास्तविक संचालन बन चुकी है। सेल्फ-ड्राइविंग कारें इंसानी हस्तक्षेप के बिना चल सकती हैं। अगले साल एआई वैल्यूएशंस में सुधार जरूर आएगा, लेकिन गिरावट नहीं, क्योंकि तकनीक ठोस है, इन्फ्रास्ट्रक्चर गहरा है और कैश फ्लो मजबूत है। इसके बजाय जो चीज सबसे मूल्यवान बनेगी, वह है मानवीय तत्व। जब एआई-जेनरेटेड कंटेंट इंटरनेट पर बाढ़ की तरह फैल जाएगा, तब सत्यापित मानवीय रचनात्मकता, विवेक और जुड़ाव एक तरह की लक्जरी बन जाएंगे। कुल मिलाकर दुनिया के साथ-साथ भारत के लिए भी 2026 एआई के क्षेत्र में एक निर्णायक क्षण लेकर आएगा। संप्रभु एआई इन्फ्रास्ट्रक्चर, क्षेत्रीय भाषाओं में कंटेंट का विस्फोट और जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट) तक पहुंच अब वास्तविक लगने लगी है। अगर 2025 ने हमें दिखाया कि एआइ क्या कर सकता है तो 2026 हमें यह तय करने पर मजबूर करेगा कि हम उसके साथ कैसे जिएं, काम करें और शासन करें। कच्ची बुद्धिमत्ता का युग पीछे छूट चुका है। अब विवेक का युग*



अगर 2024 वह साल था, जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने बोलना सीखा तो 2025 वह साल रहा, जब एआई के हाथ बढ़े और उसका दायरा एवं प्रभाव बढ़ा। यह वह वर्ष रहा, जब एआई निर्णायक रूप से डेमो और पायलट प्रोजेक्ट्स से आगे निकलकर वास्तविक क्रियान्वयन, स्वायत्तता और बड़े पैमाने पर उपयोग में उतरा। चर्चा एआई टूल्स के इस्तेमाल से आगे बढ़कर एआई एजेंट्स के निर्माण पर आ गई। जेनरेटिव एआई की जगह एजेंटिक एआई प्रमुख अवधारणा बन गई। एजेंटिक एआई ऐसे सिस्टम को कहते हैं, जो सिर्फ इंसानों को सलाह नहीं देते, बल्कि एंटरप्राइज साफ्टवेयर के भीतर बहु-चरणीय वर्कफ्लो को स्वयं अंजाम देते हैं। एजेंटिक ब्राउजर्स से लेकर ऑटोनॉमस कॉमर्स और वर्कफ्लो ऑटोमेशन तक, एआइ एक सहायक से बढ़कर जूनियर सहयोगी की तरह व्यवहार करने लगा। वर्ष 2025 आत्ममंथन का भी साल रहा। कंपनियों ने दिखावटी प्रयोगों को छोड़कर ठोस और मापने योग्य रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट की मांग शुरू की। एआई को अपनाना अब अपवाद नहीं, बल्कि जरूरत बन गया। कोडिंग पहला ऐसा उपयोग क्षेत्र बना, जहां एआई का व्यापक पैमाने पर असर दिखा। क्लाड, कर्सर और कोपायलट जैसे एआइ टूल्स एंटरप्राइज स्तर पर 40 प्रतिशत से अधिक नया कोड तैयार करने लगे। इसके साथ ही साफ्टवेयर इंजीनियर की भूमिका भी बदलने लगी। अब वह सिर्फ कोड लिखने वाला नहीं, बल्कि मशीन श्रम का पर्यवेक्षक और सिस्टम आर्किटेक्ट बनता जा रहा है। सेमीकंडक्टर चिप बनाने वाली कंपनी एनवीडिया के सीईओ जेंसन हुआंग के शब्दों में कहें तो हम सॉफ्टवेयर एजेंट्स के लिए एचआर मैनेजर बन गए हैं। इस गुजरते साल पर्दे के पीछे एआइ की भौतिक नींव भी तैयार हो रही थी। एटम्स फॉर एल्गोरिदम्स आंदोलन के तहत बड़ी टेक कंपनियों ने गीगावाट-स्तरीय डाटा केंद्रों को ऊर्जा देने के लिए परमाणु ऊर्जा की ओर रुख किया। एआइ ने सिर्फ सॉफ्टवेयर को नहीं बदला, बल्कि वैश्विक ऊर्जा अवसंरचना को भी नए सिरे से आकार देना शुरू कर दिया। इसी बीच चीन ने बिना शोर-शराबे के वर्ष 2025 में बढ़त बना ली। उसका फोकस एजीआई (आर्टिफिशियल जनरल इंटेलिजेंस) की समय-सीमाओं की घोषणा करने के बजाय अनुप्रयोगों, ओपन-सोर्स नेतृत्व और ऊर्जा प्रचुरता पर रहा। एजीआई को मानव-स्तरीय एआई भी कहा जाता है। यह एक ऐसी कृत्रिम बुद्धिमत्ता है, जो लगभग सभी संज्ञानात्मक कार्यों में मानव क्षमताओं के बराबर या उनसे भी आगे निकल सकती है। ओपन-सोर्स का स्वामित्व एक बार फिर दीर्घकालिक रणनीतिक बढ़त साबित हुआ। बीत रहा वर्ष एआई के स्याह पहलुओं को भी उजागर कर गया। हम उनकी अनदेखी नहीं कर सकते। डीपफेक्स ने दुनिया भर में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं के लिए खतरा पैदा किया, एआई कंपैनियंस ने अकेलेपन और मानवीय संबंधों को लेकर असहज सवाल खड़े किए और उद्योग एक डाटा सीमा से टकरा गया, जिससे सिंथेटिक डाटा की ओर झुकाव बढ़ा। इसके बावजूद इस साल के अंत तक गूगल एक अप्रत्याशित एआई लीडर के रूप में उभरा, जिसने चिप्स, माडल्स, डाटा और डिस्ट्रीब्यूशन में अपनी फुल-स्टैक ताकत का लाभ उठाया। अगर वर्ष 2025 क्षमताओं का साल था तो 2026 विवेक का होगा। हम उस दौर में प्रवेश कर रहे हैं, जिसे रीजनिंग वेब का युग कहा जाता है, जहां सर्च इंजन लिंक दिखाने के बजाय सीधे उत्तर देने वाले इंजन बन जाएंगे और एआई ब्राउजर ज्ञान को समेटकर प्रस्तुत करेंगे। हालांकि इससे वेब की आर्थिक संरचना को नए सिरे से गढ़ना पड़ेगा, अन्यथा यह उन्हीं क्रिएटर्स को नुकसान पहुंचाएगा, जिन पर एआई निर्भर है। इसी समय एजेंट्स कोपायलट से आगे बढ़कर सहयोगी बन जाएंगे और हल्की मानवीय निगरानी में पूरे वर्कफ्लो चला सकेंगे।

वर्ष 2026 वह साल भी होगा, जब एआइ को शरीर मिलेगा। फिजिकल एआई यानी रोबोट्स और ऑटोनॉमस सिस्टम्स प्रयोगशालाओं से बाहर निकलकर वेयरहाउस, फैक्ट्रियों और शहरों की सड़कों तक पहुंचेंगे। सेल्फ-ड्राइविंग कारों का अलग-अलग शहरों और महाद्वीपों में विस्तार इस बात का संकेत है कि एंबेडेड इंटेलिजेंस अब कल्पना नहीं, बल्कि वास्तविक संचालन बन चुकी है। सेल्फ-ड्राइविंग कारें इंसानी हस्तक्षेप के बिना चल सकती हैं। अगले साल एआई वैल्यूएशंस में सुधार जरूर आएगा, लेकिन गिरावट नहीं, क्योंकि तकनीक ठोस है, इन्फ्रास्ट्रक्चर गहरा है और कैश फ्लो मजबूत है। इसके बजाय जो चीज सबसे मूल्यवान बनेगी, वह है मानवीय तत्व। जब एआई-जेनरेटेड कंटेंट इंटरनेट पर बाढ़ की तरह फैल जाएगा, तब सत्यापित मानवीय रचनात्मकता, विवेक और जुड़ाव एक तरह की लक्जरी बन जाएंगे। कुल मिलाकर दुनिया के साथ-साथ भारत के लिए भी 2026 एआई के क्षेत्र में एक निर्णायक क्षण लेकर आएगा।

## सम्पादकीय

### 50 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर



देशभर में लाखों बच्चे अगर परीक्षाओं में विफल हो रहे हैं, तो इसकी वजह क्या है? क्या इसे गंभीर चुनौती मान लेने भर से इस समस्या का निवारण हो जाएगा? क्या यह जानने का प्रयास नहीं होना चाहिए कि शिक्षा में गुणवत्ता आखिर कहां कम रह गई और इसकी वजह क्या थी? विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा नहीं मिल पा रही है, तो जाहिर है कि पूरी व्यवस्था को अब दुरुस्त करने की जरूरत है। केवल चिंता जता देने और सतही कदम उठा लेने भर से काम नहीं चलेगा। फिलहाल तथ्य यही है कि देश में दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में हर वर्ष करीब पचास लाख विद्यार्थी विफल हो रहे हैं। इनमें अधिकतर विद्यार्थी पढ़ाई छोड़ देते हैं। खासतौर से लड़कियां विद्यालय नहीं लौटतीं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लड़के परिवार का बोझ उठाने के लिए काम करने लग जाते हैं। यह शिक्षा व्यवस्था की नाकामी तो है ही, वहीं शिक्षित भारत बनाने के लक्ष्य पर भी आघात है। इतनी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की विफलता बताती है कि विद्यालयी शिक्षा को हम गंभीरता से नहीं ले रहे। अब केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने इसे गंभीर चुनौती मानते हुए ऐसे विद्यार्थियों को दोबारा मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की है। इसके तहत राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान को जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह विद्यार्थियों तक पहुंचे और उन्हें पढ़ाई बीच में न छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करे। मगर सच यह है कि पिछले कई वर्षों से शिक्षा के दूरगामी लक्ष्यों पर ध्यान नहीं दिया गया है। सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव किसी से छिपा नहीं है। कई राज्यों में तो कहीं-कहीं एक या दो शिक्षकों के भरोसे विद्यालय चलने की खबरें आई हैं। आए दिन शिक्षकों को शिक्षण कार्य से अलग दूसरे कार्यों में लगा दिया जाता है। मध्याह्न भोजन योजना से लेकर जनगणना, आधार सत्यापन और चुनावी कार्य में उन्हें उलझाए रखना कोई नई बात नहीं। ऐसे में बच्चों को शिक्षा देने का मूल कार्य प्रायः हाशिये पर चला जाता है। उनका पाठ्यक्रम तक पूरा नहीं होता और वे पढ़ाई में निरंतर पिछड़ते चले जाते हैं। देश में ऐसा परिदृश्य बन रहा है, तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? सरकार इस स्थिति से अनजान नहीं है। उसे इस दिशा में सतही उपाय करने के बजाय ठोस कदम उठाने होंगे

# काशी-तमिल संगमम अतीत की सांस्कृतिक विरासत

*काशी-तमिल संगमम इन दोनों सभ्यतागत स्तंभों के बीच के सेतु को पुनः सुदृढ़ करता है। उत्तर और दक्षिण के बीच यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कोई नया प्रसंग नहीं है। देवारम नालवर के भक्ति गीतों से लेकर काशी में गूंजते संत कबीर के भजनों तक साधना की भाषा एक ही रही है। वह है भक्ति, ज्ञान, मानवता की भाषा। काशी में तमिल संतों की उपस्थिति और दक्षिण भारत में काशी को 'मोक्ष की नगरी' के रूप में मान्यता, इस गहरे संबंध को प्रमाणित करती है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृढ़ संकल्प से 2022 में यह कार्यक्रम शुरू हुआ। आज यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता के एक प्रमुख प्रतीक के रूप में विकसित हुआ है। यहां गंगा की संस्कृति और कावेरी की परंपराएं एक-दूसरे से मिलकर भारत की सांस्कृतिक अखंडता को आगे बढ़ाती हैं। प्रधानमंत्री ने हाल में 'मन की*

भारत के सनातन सांस्कृतिक आत्मा को यदि किसी एक पवित्र मंच पर सजीव रूप में देखा जा सकता है, तो वह है काशी-तमिल संगमम। यह एक ऐसा अनूठा उत्सव है, जहां उत्तर और दक्षिण की संस्कृति, सभ्यताएं, भाषाएं और परंपराएं एक विराट भारतीय परिवार की तरह एक-दूसरे का आलिंगन करती हैं। संगमम के चौथे संस्करण के अवसर पर मैंने गहराई से यह अनुभव किया कि काशी और तमिलनाडु का यह संबंध केवल भौगोलिक या ऐतिहासिक नहीं, बल्कि हजारों वर्षों से बहती आध्यात्मिक सांस्कृतिक धारा का अविरल प्रवाह है। काशी अविनाशी है, अनादि काल से है। काशी को प्राचीन काल से भारतीय संस्कृति की राजधानी कहा जाता है। दूसरी ओर तमिलनाडु, जिसकी भाषा विश्व की प्राचीनतम जीवित भाषाओं में से एक है, भारत की सनातन परंपरा, साहित्य, संगीत और दर्शन का महान वाहक रहा है।

काशी-तमिल संगमम इन दोनों सभ्यतागत स्तंभों के बीच के सेतु को पुनः सुदृढ़ करता है। उत्तर और दक्षिण के बीच यह सांस्कृतिक आदान-प्रदान कोई नया प्रसंग नहीं है। देवारम नालवर के भक्ति गीतों से लेकर काशी में गूंजते संत कबीर के भजनों तक साधना की भाषा एक ही रही है। वह है भक्ति, ज्ञान, मानवता की भाषा। काशी में तमिल संतों की उपस्थिति और दक्षिण भारत में काशी को 'मोक्ष की नगरी' के रूप में मान्यता, इस गहरे संबंध को प्रमाणित करती है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शिता और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के दृढ़ संकल्प से 2022 में यह कार्यक्रम शुरू हुआ। आज यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता के एक प्रमुख प्रतीक के रूप में विकसित हुआ है। यहां गंगा की संस्कृति और कावेरी की परंपराएं एक-दूसरे से मिलकर भारत की सांस्कृतिक अखंडता को आगे बढ़ाती हैं।




प्रधानमंत्री ने हाल में 'मन की बात' में इस उत्सव का उल्लेख करते हुए कहा था कि 'यह संगमम विश्व के प्राचीनतम नगरों में से एक काशी और विश्व की प्राचीनतम भाषाओं में से एक तमिल का संगम है।' उन्होंने तमिल भाषा और संस्कृति को भारत का गौरव बताते हुए सभी से तमिल सीखने का आग्रह भी किया। यह आग्रह भारत की भाषाई विविधता को अपनाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। काशी-तमिल संगमम के प्रत्येक संस्करण में तमिलनाडु के छात्र, अध्यापक, लेखक, मीडिया प्रोफेशनल्स, कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों के लोग, महिलाएं और आध्यात्मिक विद्वान काशी आते रहे हैं। इस दौरान वे काशी के मंदिरों, तमिल से संबंधित केंद्रों और अयोध्या एवं प्रयागराज जैसे नगरों से परिचित होते हैं। चौथे संस्करण ने संगमम की सीमा और महत्वाकांक्षा को बढ़ाया है। काशी-तमिल संगमम 4.0 में युवाओं की भागीदारी विशेष रूप से उल्लेखनीय रही है।

विश्वविद्यालयों और उच्च शिक्षण संस्थानों के छात्रों को इस कार्यक्रम से जोड़ने का उद्देश्य भावी पीढ़ी में राष्ट्रीय एकता की चेतना को और गहराई देना है। संगमम के दौरान उत्तर प्रदेश के 300 विद्यार्थी तमिलनाडु पहुंचे हैं और विभिन्न संस्थानों में तमिल भाषा सीख रहे हैं। उन्हें तमिलनाडु की समृद्ध परंपराओं, त्योहारों और भारतीय परंपरा की एकता से भी परिचित कराया जाएगा। तमिलनाडु से भी 50 तमिल शिक्षक वाराणसी पहुंचे हैं और संगमम के दौरान 1,500 से अधिक छात्रों को तमिल सिखाने का प्रयास कर रहे हैं। तमिल की मधुर ध्वनि काशी में गूंजी, इससे अधिक गौरव की बात क्या हो सकती है? काशी-तमिल संगमम 4.0 की एक और विशिष्ट और प्रेरक पहल 'अगस्त्य अभियान' है।

# संगठन की शक्ति का दिग्विजय ने किया जिक्र

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने लालकृष्ण आडवाणी और नरेन्द्र मोदी की एक पुरानी तस्वीर पोस्ट कर जिस तरह यह लिखा कि आरएसएस का एक स्वयंसेवक एवं भाजपा का जमीनी कार्यकर्ता जमीन पर बैठकर मुख्यमंत्री और फिर प्रधानमंत्री बना, उस पर चर्चा होना स्वाभाविक है। इसलिए और भी अधिक, क्योंकि उन्होंने इस फोटो के साथ अपने मन की बात उस समय साझा की, जब कांग्रेस कार्य समिति की बैठक चल रही थी। उन्होंने उक्त फोटो को प्रभावशाली बताते हुए उसे संगठन की शक्ति का परिचायक भी कहा। उल्लेखनीय केवल यह नहीं कि उन्हें संगठन की शक्ति बताने के लिए यही फोटो उपयुक्त लगी, बल्कि यह भी है कि उन्होंने अपनी पोस्ट



को मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के साथ प्रधानमंत्री मोदी को भी टैग किया। हालांकि इस पोस्ट को लेकर चर्चा का बाजार गर्म होने पर उन्होंने सफाई दी कि मैंने केवल संगठन की तारीफ की है और मैं तो आरएसएस और मोदी जी का घोर विरोधी हूं, लेकिन उनकी बात से यह तो ध्वनित हो ही गया कि वे कांग्रेस की सांगठनिक कमजोरी से बेचैन हैं और यह चाहते हैं कि पार्टी नेतृत्व संगठन पर ध्यान दे। इसे चंद दिनों पहले की उनकी उस पोस्ट से और अच्छे से समझा जा सकता है, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी को संबोधित करते हुए लिखा था कि कांग्रेस को सुधारों और विकेंद्रीकरण की जरूरत है। इस पोस्ट में उन्होंने यह अपेक्षा तो जताई थी कि राहुल ऐसा करेंगे, पर इसी के साथ यह भी कहा था कि समस्या यह है कि उन्हें सहमत करना कठिन है। यह पहली बार नहीं, जब कांग्रेस के किसी नेता ने पार्टी की कमजोरियों को रेखांकित किया हो, लेकिन कहीं कोई बुनियादी बदलाव होता नहीं दिख रहा है। यह इसलिए नहीं हो रहा है, क्योंकि गांधी परिवार चाटुकार नेताओं से घिरा है। कांग्रेस में उसी की पूछ-परख है, जो परिवार का गुणगान करता है। एक समय गांधी परिवार कांग्रेस की ताकत हुआ करता था, लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। इंदिरा गांधी के समय तो तब भी गनीमत थी, लेकिन उनके निधन के बाद जब राजीव गांधी पीएम बना दिए गए तो चाटुकार नेताओं का महत्व बढ़ गया और कांग्रेस कमजोर होती चली गई। इंदिरा गांधी की हत्या से उपजी सहानुभूति के चलते 1984 में तो कांग्रेस ने प्रचंड जीत हासिल की, लेकिन उसके बाद से वह कभी बहुमत नहीं पा पाई। आज सोनिया और राहुल की कांग्रेस उन क्षेत्रीय दलों पर निर्भर है, जो उससे ही टूट कर बने हैं।

## वर्ष 2025 का सफर : उत्तर पश्चिम रेलवे ने हर क्षेत्र में सफलता के झंडे गाड़े, राजस्थान को मिली कई सौगात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** उत्तर पश्चिम रेलवे पर वर्ष 2025 में रेल उपभोक्ताओं को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के लिए यात्री सुविधाओं तथा संरक्षित रेल परिवहन पर विशेष ध्यान केन्द्रित किया गया। वर्ष 2025 उत्तर पश्चिम रेलवे के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास यात्री सुविधाओं में विस्तार परिचालन उत्कृष्टता और तकनीकी नवाचार और रेल सेवाओं की शुरुआत के साथ उपलब्धियों से भरा वर्ष साबित हुआ है। इसके साथ ही आधुनिक तकनीक के उपयोग स्टेशन पुनर्विकास स्वास्थ्य एवं स्वच्छता पहल तथा बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण के माध्यम से उत्तर पश्चिम रेलवे ने भारतीय रेल के अग्रणी ज़ोनों में अपनी सशक्त पहचान बनाई है। आमजन को रेलवे के इतिहास और सांस्कृतिक विरासत के साथ जोड़ने के लिए स्टेशन महोत्सव का आयोजन भी किया गया। उत्तर पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल नेतृत्व और दिशानिर्देशानुसार तकनीक का उपयोग और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विशेष रूप से कार्य किए जा रहे हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे पर मुख्यालय और सभी मण्डलों के समन्वय से यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के कार्य नियमित रूप से किए जा रहे हैं। मुख्यालय और मण्डल



की टीम लगातार बेहतर रेल संचालन और उत्कृष्ट यात्री सुविधाओं की मॉनिटरिंग कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22 मई 2025 को देशनोक राजस्थान से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भारतीय रेल के 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन किया। उत्तर पश्चिम रेलवे के अंतर्गत आने वाले फतेहपुर शेखावाटी राजगढ़ मंडी डबवाली गोगामेड़ी और देशनोक स्टेशनों का उद्घाटन किया गया। स्टेशनों पर सर्कुलेटिंग एरिया के सुनियोजित विकास आगमन और प्रस्थान की बेहतर व्यवस्था और पार्किंग स्पेस में सुधार किया गया है। इसके साथ ही प्लेटफार्म पर प्रतीक्षा करने वाले यात्रियों के लिए प्लेटफार्म शेल्टर प्रदान किए गए है जो गर्मी और बरसात के मौसम में यात्रियों को सुविधा प्रदान करेंगे। उपयोगकर्ताओं को स्वच्छ और आरामदायक अनुभव प्रदान करने के लिए आधुनिक शौचालयों का निर्माण व सुधार किया गया है। नए स्टेशन भवन पर पोर्च का निर्माण सर्कुलेटिंग एरिया का विकास पर्याप्त और सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था प्रवेश हॉल वेटिंग हॉल स्टेशन भवन के अग्रभाग का सुधार नए प्लेटफार्म शेल्टर दिव्यांगजनों के लिए सुविधाओं के साथ नए शौचालय ब्लॉक और पानी के बूथ बेहतर साइनेज प्लेटफार्म पर कोच इंडिकेशन बोर्ड शामिल है। अमृत स्टेशन योजना के तहत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास से राजस्थान के सामाजिक सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास में बढ़ोत्तरी होगी साथ ही अमृत स्टेशन राजस्थान की सांस्कृतिक गरिमा और आधुनिकता के प्रतीक बनेंगे और क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राजस्थान में रेल कनेक्टिविटी को मजबूत बनाने के क्रम में 25 सितंबर 2025 को नरेंद्र मोदी ने नापला बांसवाड़ा से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से तीन नई रेल सेवाओं जोधपुर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस बीकानेर-दिल्ली कैंट वंदे भारत एक्सप्रेस और उदयपुर सिटी-चंडीगढ़ सुपरफास्ट एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इन सेवाओं से राजस्थान को देश की राजधानी और उत्तर भारत से तेज़ सुरक्षित और आधुनिक रेल संपर्क प्राप्त हुआ है। रेल, सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव द्वारा विभिन्न यात्री सुविधाओं का विस्तार करते हुए 65 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का लोकार्पण एवं जयपुर-असारवा एक्सप्रेस के सभी वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रिटेंड कंबल कवर की शुरूआत दिनांक गत 16 अक्टूबर को खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम से की गई। कार्यक्रम के दौरान रेलमंत्री ने जयपुर-असारवा एक्सप्रेस के सभी वातानुकूलित श्रेणी के यात्रियों के लिए प्रायोगिक तौर पर प्रिटेंड कंबल कवर की सुविधा की भी शुरूआत की गई। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों के मन में कंबल के प्रति जो संशय रहता था उसको दूर करना है तथा स्वच्छता को भी बढ़ावा देना है। उत्तर पश्चिम रेलवे की पहली अमृत भारत ट्रेन को मदार जंक्शन-दरभंगा के बीच अक्टूबर 2025 को शुरू किया गया। इस ट्रेन के प्रारम्भ होन से क्षेत्र की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हुई है तथा बिहार और आसपास के नागरिक लाभान्वित होंगे।जैसलमेर स्टेशन से दिल्ली शकूर बस्ती नई रेलसेवा को 29 नवम्बर 2025 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस ट्रेन के प्रारम्भ होन से सीमावर्ती और पर्यटन क्षेत्रों को राष्ट्रीय राजधानी से सीधी कनेक्टिविटी मिली। जैसलमेर स्टेशन पर आयोजित समारोह में रेल मंत्री ने जनभावनाओं के अनुरूप नई रेल सेवा का नामकरण स्वर्ण नगरी एक्सप्रेस करने की घोषणा की। उत्तर पश्चिम रेलवे ने विगत वर्षों में रेल अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण आधुनिक सिग्नलिंग प्रणाली के विस्तार पूर्ण विद्युतीकरण और परिचालन उत्कृष्टता के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए इन कार्यों से न केवल रेल यातायात अधिक संरक्षित और सुगम हुआ है बल्कि ट्रेनों की समयपालनता में भी उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे ने कई महत्वपूर्ण रेलखंडों पर दोहरीकरण कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया है। चूरू-रतनगढ़ रेलखंड 43 किलोमीटर काठूवास-अटेली 10 किलोमीटरकुंड-काठूवास 5 किलोमीटर और मनहेरू-भिवानी 14 किलोमीटर रेलखंडों का दोहरीकरण कार्य पूर्ण किया गया है। इन रेलखंडो के दोहरीकरण होने से रेल संपर्क और अधिक मजबूत हुआ है तथा लाइन क्षमता में बढ़ोतरी होगी तथा अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि होगी।

## एडवोकेट सत्यनारायण यादव का बार काउंसिल ऑफ राजस्थान सदस्य पद पर मनोनयन

जयपुर टाइम्स



**नीमकाथाना/पाटन(निसं.)।** वरिष्ठ अधिवक्ता सत्यनारायण यादव को बार काउंसिल ऑफ राजस्थान का सदस्य मनोनीत किए जाने पर नीमकाथाना सहित समूचे क्षेत्र के अधिवक्ता जगत में हर्ष और गौरव का माहौल है। उनके मनोनयन को अधिवक्ताओं की एकजुटता, संघर्ष और अनुभव की जीत के रूप में देखा जा रहा है। एडवोकेट सत्यनारायण यादव अभिभाषक संघ, नीमकाथाना से लंबे समय से जुड़े हुए हैं। वे अब तक सात बार अभिभाषक संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं। अपने लंबे और प्रभावशाली कार्यकाल के दौरान उन्होंने अधिवक्ताओं के हितों की मजबूती से पैरवी की, न्यायिक व्यवस्था को सशक्त बनाने में योगदान दिया तथा युवा अधिवक्ताओं को निरंतर मार्गदर्शन प्रदान किया। उनकी कार्यशैली, नेतृत्व क्षमता और न्याय के प्रति निष्ठा को देखते हुए उन्हें बार काउंसिल ऑफ राजस्थान जैसे प्रतिष्ठित संवैधानिक निकाय में स्थान मिलना पूरे क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। उनके मनोनयन से अधिवक्ताओं की समस्याओं को मजबूती से उठाए जाने और सकारात्मक समाधान की उम्मीद और भी प्रबल हुई है। इस अवसर पर अभिभाषक संघ नीमकाथाना, अधिवक्ता साथियों, शुभचिंतकों एवं गणमान्य नागरिकों ने सत्यनारायण यादव एडवोकेट को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की कामना की है।

## खेल महोत्सव में 7 सौ विद्यार्थियों ने लिया भाग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** बाल भारती इंटरनल उच्च माध्यमिक स्कूल एवं बाल भारती विद्यापीठ बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय स्कूल के खेल महोत्सव सीजन 3 का समापन हो गया है। कृष्णा एकेडमी में समापन समारोह का आयोजन किया गया। निदेशक नोपाराम मंडा ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर अतिथि सहदेव सोनी, डॉ. अमृता चौधरी, परमानंद मंगलूणिया, अनूप मंगलूणिया, नमन सोनी, बलदेव ढ़ाका, सभापति निलोफर गौरी, पार्षद आसिफ खां नसवाण, पार्षद इकबाल, महेश तंवर, दिनेश तंवर, राजू गोदारा, श्रवण बिजारणिया, मोतीराम गुलेरिया, रामलाल निठारवाल, सरदार कासनिया आदि मौजूद रहे। अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। नोपाराम मंडा ने बताया कि खेल सप्ताह में कबड्डी, खो-खो, जूडो, गोला फेंक, तस्तरी फेंक, हॉकी, बाधा दौड़ आदि खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 7 सौ विद्यार्थियों ने भाग लिया। आयोजन को सफल बनाने में प्रिंसिपल मैना जानू, रचना जांगिड़, प्रीति जांगिड़, प्रभारी मीरा जाखड़, अशोक मंडा, खेल प्रभारी कैप्टन हनुमान चंदेलिया, दिनेश मंडा, फूलचंद बिजारणिया, कोर्डिनेटर विनोद सेन, खेल प्रभारियों आदि का योगदान रहा।

## आकाश नाथ महाराज ने दी भजनों की प्रस्तुतियां



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अगुणा बाजार स्थित श्रीलक्ष्मीनाथ मंदिर में संत श्री 1008 रतिनाथजी महाराज की पुण्यतिथि कार्यक्रम में संत आकाश नाथ महाराज ने भजनों की रस गंगा बहाई। आकाश नाथ महाराज ने - धमक पधारो देवा गणपति निज मंदिर में, ओ भोला भंडारी, देवकी के जतन बनाऊं में, सीता राम सीता राम, सालासर वाले करियों विघ्न सब दूर...सहित अनेक भजनों की प्रस्तुतियां दी, जिस पर श्रद्धालु झूम उठे। पुजारी नरेंद्र मिश्रा, ओम प्रकाश मिश्रा, गजानन मिश्रा, हरि मिश्रा, लक्ष्मीकांत मिश्रा, विजय शंकर मिश्रा देवांशु मिश्रा, कृष्णा मिश्र, संजय मगलुनिया, गोविंद मोदी, मनन शर्मा, नमन शर्मा, मनोज सुरोलिया, सर्वेश इंदौरिया, जगदीश नाई, गोपाल शर्मा, काशी राम रेनीवाल, चेतन बागड़ा, मनमोहन शर्मा, सक्षम शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा सहित अनेक लोगों ने भजन संध्या में भाग लिया। वहीं सतों का मंदिर आगमन पर स्वागत भी किया गया।

## भाजपा प्रदेश कार्यालय में सुना गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम

**जयपुर(कासं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को जयपुर स्थित भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के अमूल्य विचारों एवं मार्ग दर्शन को ध्यान पूर्वक सुना और उनसे प्रेरणा प्राप्त की। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र निर्माण सामाजिक सहभागिता सेवा भाव एवं सकारात्मक सोच जैसे विषयों पर मार्गदर्शन प्रदान किया जिससे उपस्थित कार्यकर्ताओं में उत्साह एवं ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष नाहर सिंह जोधा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक, प्रदेश कार्यालय सह प्रभारी रजनीश चनाना सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पार्टी पदाधिकारियों ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम आमजन और कार्यकर्ताओं को राष्ट्र के विकास में सहभागी बनने की प्रेरणा देता है तथा प्रधानमंत्री मोदी का यह संवाद देश को एक सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम है।



## उन्नाव की बेटी को न्याय दो के नारे के साथ महिला कांग्रेस का हल्ला बोल, भाजपा सरकार के खिलाफ पैदल मार्च

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** उन्नाव गैंगरेप प्रकरण को लेकर राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। 'उन्नाव की बेटी, न्याय की करे पुकार' के नारे के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय से शहीद स्मारक तक पैदल मार्च निकाला गया। इस विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सारिका सिंह ने किया। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदेश अध्यक्ष सारिका सिंह ने कहा कि उन्नाव की बेटी के साथ हुई जघन्य घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। महिलाओं के खिलाफ अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन सरकार अपराधियों को संरक्षण देने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि महिला कांग्रेस पीड़िता के लिए न्याय की मांग करती है और जब तक दोषियों को सख्त सजा नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। महिलाओं का अपमान अब किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस विशाल विरोध प्रदर्शन में राजस्थान प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की महासचिव रिक्की सिंह हंतरा भी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि जिस अपराधी को उम्रकैद की सजा सुनाई गई, उसे जमानत देकर माला पहनाकर स्वागत किया जा रहा है। सवाल उठता है कि क्या यही प्रधानमंत्री द्वारा दिया गया 'नारी वंदन' का संदेश है। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में राजनीतिक संरक्षण के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं। महिला कांग्रेस नेताओं ने कहा कि उन्नाव की घटना सरकार की कानून-व्यवस्था की विफलता को उजागर करती है। प्रदेश में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और दोषियों के खिलाफ त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पा रही है। उन्होंने सरकार से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस की जिला एवं प्रदेश स्तर की पदाधिकारी, कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रहीं। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक पीड़ित बेटी को न्याय नहीं मिलेगा, तब तक महिला कांग्रेस का संघर्ष सड़कों पर जारी रहेगा।

## साधक के जीवन में सत्संग का आध्यात्मिक महत्वः दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा भव्य कार्यक्रम संपन्न

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा / जयपुर (कासं.)।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा बड़ी चौपड़ स्थित मंदिर श्री रामचंद्र जी में एक भव्य आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं और साधकों ने भाग लेकर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त किया।

सत्संगः आत्मा का भोजन संस्थान की ओर से पधारे प्रचारक शिष्यों ने सत्संग की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक साधक के जीवन में सत्संग का वही महत्व है जो एक पौधे के लिए जल का होता है। उन्होंने बताया कि 'सत' का अर्थ है 'शाश्वत सत्य' और 'संग' का अर्थ है 'जुड़ना'। जब एक साधक सत्य के साथ जुड़ता है, तभी उसके भीतर के अंधकार का नाश होता है।

मुख्य बिंदुः मानसिक शांतिः आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में सत्संग ही वह स्थान है जहाँ मन को स्थिरता और असीम शांति प्राप्त होती है।

नकारात्मकता का अंतः सत्संग के विचारों से साधक के भीतर के कुविचार समाप्त होते हैं और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

आत्म-साक्षात्कार की प्रेरणाः प्रवचनों के माध्यम से बताया गया कि ईश्वर को बाहर खोजने के बजाय अपने भीतर खोजने की कला ही वास्तविक साधना है।

साधना और समाज सेवा कार्यक्रम के दौरान भजनों की



अमृत वर्षा ने वातावरण को भक्तिमय कर दिया। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक सर्व श्री आशुतोष महाराज जी के मार्गदर्शन में लाखों साधक 'ब्रह्मज्ञान' की दीक्षा लेकर अपने जीवन को धन्य बना रहे हैं। सत्संग केवल सुनने की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन में उतारने का मार्ग है।

मंदिर श्री रामचंद्र जी के प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम का समापन आरती और प्रसाद वितरण के साथ हुआ। उपस्थित भक्तों ने संकल्प लिया कि वे सत्संग से मिली शिक्षाओं को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएंगे।

## ग्राम पंचायत और राजस्व गांव बनाने पर विधायक का आभार जताया



जयपुर टाइम्स

**बाड़मेर(निसं.)** ग्राम पंचायत रावतसर में से नवसृजित ग्राम पंचायत प्रेमसागर एवं राजस्व गांव श्री बिगावास बनाने पर ग्रामीणों ने बाड़मेर विधायक डॉ प्रियंका चौधरी का आभार व्यक्त किया है। ग्रामीणों ने विधायक के आवास पहुंचकर विधायक को साफा पहनाकर,पटू ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर स्वागत किया। इस दौरान युवा नेता डालू जाखड़,तुलसाराम सारण, चूनाराम जाखड़, भवरगिरी गोस्वामी, लच्छाराम चौहान,घमूराम मेगवाल, धन्नाराम चौहान,चूनाराम भींचर,रूखबाराम दर्जी, नवलाराम सोनी, लालाराम भांभू, प्रधानाचार्य चवोणी मेघवालों की ढाणी जोगाराम सारण, सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## राज्यपाल ने 'मेवाड़ कुमावत समाज महाकुंभ 2025' में भाग लिया

### कुमावत समाज नहीं संस्कृति- राज्यपाल

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मण्डफिया, चित्तौड़गढ़ में रविवार को मेवाड़ 'मेवाड़ कुमावत समाज महाकुंभ 2025' का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि महाराणा कुम्भा द्वारा इस समाज का नामकरण किया गया। कुमावत समाज नहीं भारतीय शिल्प, स्थापत्य और निर्माण कला से जुड़ी संस्कृति का संवाहक है। उन्होंने समाज की नई पीढ़ी को अपनी विरासत और कलाओं के से संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि कोई भी तभी विकास करता है जब शिक्षा पर ध्यान दें। कुरीतियों और अंधविश्वास मुक्ति के लिए कार्य करे। उन्होंने मेवाड़ की संस्कृति में कुमावत समाज के योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि चित्तौड़गढ़ के कीर्ति स्तंभ, कुंभलगढ़, हवामहल आदि का निर्माण इसी समाज के वास्तुविदों, शिल्पियों ने किया। उन्होंने समाज की सामाजिक एकता, शिक्षा, संस्कार और सेवा कार्यों की सराहना भी की। उन्होंने कहा कि ऐसे महाकुंभ समाज को संगठित करने के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों को सशक्त करने का कार्य करते हैं। उन्होंने युवाओं से शिक्षा, कौशल विकास और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## विद्यार्थी कठिन परिश्रम कर समाज को उंचाईयों पर खड़ा करें-विधायक सहारण

### वीर तेजा भवन में जाट विकास संस्थान की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.):** स्थानीय वीर तेजा भवन में जाट विकास संस्थान की ओर से रविवार को जाट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जाट विकास संस्थान के अध्यक्ष सोहनलाल फगेड़िया ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान रणजीत सातड़ा, निवर्तमान प्रधान दीपचन्द राहड़, निवर्तमान प्रधान संजय कस्वां, डॉ. बी.के. चौधरी, समाज सेवी सोहनलाल रणवां, उपभोक्ता होलसेल भण्डार



के अध्यक्ष मोहनलाल गढ़वाल व पूर्व प्राचार्य दलीप सिंह पूनियां थे। ज्ञात रहे कि यह कार्यक्रम स्व. मालसिंह दूत स्मृति संस्थान, तारानगर के नरेंद्र दूत व चन्दगी दूत की ओर से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अतिथियों ने तेजाजी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। जाट विकास संस्था के सचिव विजयपाल लाम्बा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम में अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न क्षेत्रों की 131 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र, माल्यार्पण कर व प्रतीक चिन्ह प्रदान कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सहारण ने कहा कि समाज के नौजवानों को वीर तेजाजी महाराज के पद चिन्हों पर चलकर अपने जीवन में और अधिक सफलता प्राप्त करनी चाहिये। समाजसेवी सोहनलाल रणवा ने सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का संदेश दिया और संस्था को एक लाख रुपये नगद प्रदान किए। इसी क्रम में यादराम कस्वां ने 21000 रुपये प्रदान किये। कार्यक्रम में समाज सेवी सोहनलाल रणवां ने समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर सुलोचना सिहाग, श्रीचन्द इसराण, विमला देवी सहारण, शारदा फगेड़िया, राकेश देवी का 5000-5000 रूपये नगद व शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रो. एच.आर. इसराण ने समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को मोटिवेट पर मार्गदर्शन किया। संस्था अध्यक्ष सोहनलाल फमेड़िया ने सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विजयपाल धुवां, रामकुमार खीचड़, प्रदीप फगेड़िया, भंवरलाल कस्वां, हेमन्त सिहाग, राजपाल सिहाग, रघुवीर सहारण, हवासिंह सहारण, हेमराज फगेड़िया, अनिल सहारण, निखिल भगासरा, बेगराज मील, सांवरमल बुड़ानिया, हरफूल बेरवाल, अमीलाल घेतरवाल, जीताराम जांदू, राकेश थालौड़ सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन रमेश पूनियां, राकेश कपूरिया व बेगराज कस्वां ने किया।

# रैली निकालकर कांग्रेस नेताओं ने किया प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** अरावली बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस द्वारा रैली निकाल कर प्रदर्शन किया गया। केंद्र सरकार द्वारा नरेगा का नाम बदले जाने के खिलाफ भी प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से रैली रवाना हुई, जो दो गली दूर गांधी चौक पहुंच कर सम्पन्न हुई। इस दौरान जिला अध्यक्ष व विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि अरावली प्रकृति द्वारा दी गई सौगात है, जिसका संरक्षण करना हम सबका दायित्व है। केन्द्र व राज्य सरकार पर खनन माफिया के सामने झुकने और 100 मीटर की आड़ में खनन की परमिशन देने का आरोप लगाया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश की सरकार दो आदमियों के लिए पूरे देश का व्यवसायिक ढ़ांचा खराब कर दिया है। सौ मीटर का निर्णय आने के तीसरे दिन सरकार ने लीज पर देने के लिए बावन पट्टे जारी कर दिये। उन्होने कहा कि प्रतिबंधित क्षेत्र में खनन के विरोध में कांग्रेस द्वारा प्रदर्शन किया जा रहा है। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी, नगर अध्यक्ष रामावतार शर्मा, विद्याधर बेनीवाल, उप सभापति अमित मारोठिया, कांग्रेस नेता हितेश जाखड़, पार्षद विजय बटेसर, आसिफ नसवाण, इकबाल खान, तरूण सियोता, एड. सलीम खान गाजी, इकबाल खान धोलिया, बशीर खान फौजी, यूनूस खां हासमखानी, मदन सोनी, फारूक भुट्टा, श्रीराम भामा, मनसुख गोदारा, बजरंग सैन, कन्हैयालाल माली सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।




# सरस्वती स्कूल बलवन्तपुरा की तीन छात्राओं ने जिला स्तरीय ग्रीन ग्रोथ प्रतियोगिता में लहराया परचम व जीती 29000 रूपये की राशि



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** नवलगढ़ माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, अजमेर द्वारा आयोजित' जिला स्तरीय ग्रीन ग्रोथ सस्टेनेबल डेवलपमेंट प्रतियोगिता' में सरस्वती स्कूल बलवंतपुरा की तीन छात्राओं ने अपनी बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए जिले में शीर्ष स्थान हासिल किया। विद्यालय निदेशक बीरबल सिंह गोदारा ने बताया कि परमवीर पीरूसिंह राउमावि में आयोजित इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यालय की दिव्या चौधरी ने निबंध प्रतियोगिता में अपनी लेखन शैली और पर्यावरण संरक्षण के विचारों के दम पर प्रथम स्थान, निकिता ने क्विज प्रतियोगिता में त्वरित जवाबों और सामान्य ज्ञान के आधार पर प्रथम स्थान व निशा ने आशुभाषण प्रतियोगिता में 'हरियालो राजस्थान' विषय पर अपनी वाकपटुता का प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्रात किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्रओं को 11000 रूपये व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा को 7000 रुपये का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। उन्होंने बताया कि आज का युग 'ग्रीन ग्रोथ' और 'सतत विकास' का है। हमारी छात्राओं ने न केवल पुरस्कार जीता है बल्कि क्षेत्र का नाम रोशन किया है और छात्रों को प्रेरणा का स्त्रोत भी बना है।

# मुक्तिधाम भूतनाथ मंदिर में पौष बड़े व श्याम कीर्तन आयोजित



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** दडिबा स्थित मुक्तिधाम भूतनाथ मंदिर में समिति द्वारा रविवार को पौष बड़े एवं श्याम कीर्तन का आयोजन श्रद्धा व उत्साह के साथ किया गया। समिति अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने बताया कि मलमास के अवसर पर आयोजित इस कीर्तन में सैकड़ों भक्तों ने सहभागिता की। कीर्तन का आयोजन श्री श्याम मंडल द्वारा किया गया, जिसमें प्रस्तुत भजनों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर धनराज सुथार, संदीप सुथार, अशोक शर्मा, जीतू, शंकरलाल, प्रदीप, रवि मोदी, नंदलाल, प्रभांशु, आशुतोष, हितेश, रेवतमल और सहीराम सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# बीदासर में जांगिड़ सुथार समाज ने मनाया महासभा का स्थापना दिवस



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निसं.)।** कस्बे के श्री विश्वकर्मा मंदिर में शनिवार को जांगिड़ सुथार समाज द्वारा अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा का स्थापना दिवस श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके पश्चात महासभा के संस्थापक गुरुदेव मणीठिया को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वक्ताओं ने समाज की एकजुटता, संगठन की मजबूती और सामाजिक उत्थान पर विचार रखे तथा महासभा के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तहसील के पूर्व अध्यक्ष भैरा राम बोदलिया, वर्तमान अध्यक्ष मांगीलाल पंवार, गिरधारी लाल मांडण, युवा अध्यक्ष कैलाश मांडण, महिला अध्यक्ष दीपमाला जांगिड़, जिला मंत्री पवन रोलिवाल और तहसील प्रभारी श्याम सुंदर ,पप्पू बल्डवा, सुरेन्द्र सुथार, कमल जांगिड़, सुमन जांगिड़ और सांवरमल सहित समाज के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

# श्री पीपा क्षत्रिय समाज ने किया प्रतिभाओं का सम्मान



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** श्री पीपा क्षत्रिय समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दर्जी समाज के भवन में आयोजित कार्यक्रम में राजेंद्र भाटी, पुरुषोत्तम राखेचा, ताराचंद तंवर, शांतिलाल चौहान, धर्मेंद्र चौहान आदि अतिथि के रूप में मौजूद रहे। शिवभगवान चौहान ने बताया कि कक्षा 8 बोर्ड में उत्कृष्ट अंक लाने पर मानवी, निशा, युवराज, आरवी, आरती, रेणुका, मुदित, दीवांशु को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 10वीं बोर्ड उत्कृष्ट अंक लाने पर कुशल, दीपाली, रेखा, तपस्या, निकिता, रोहित, प्रांजल, कक्षा 12 वीं बोर्ड में अच्छे अंक लाने पर जानवी, शोभा, पूर्णिमा, महेश, युवीता, विशाखा को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कॉलेज स्तर पर प्रेरणा, एकता आदि का सम्मान प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

# वनवे हटाने से टेम्पू यूनियन चालकों के चेहरे खिले

## 'टेम्पू यूनियन ने जताया पूर्व विधायक महर्षि का आभार'



जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** भाजपा कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि के समक्ष रतनगढ़ टेम्पू यूनियन के पदाधिकारियों ने शहर में एकतरफा यातायात होने से टेम्पू चालकों को हो रही असुविधा के विषय में अवगत करवाया जिस पर महर्षि ने तुरन्त संज्ञान लेते हुए डीवाईएपी इंसार अली व सीआई गौरव खिडिया से वार्ता करके एकतरफा यातायात नियमों में पूर्णतया छुट दिलवाकर टेम्पू चालकों को राहत प्रदान की है जिस पर टेम्पू यूनियन के पदाधिकारियों ने स्थानीय भाजपा कार्यालय जाकर पूर्व विधायक महर्षि का उक्त छुट दिलवाने की खुशी में साफा,दुपट्टा एवम पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया इससे पूर्व टेम्पू चालकों ने भाजपा कार्यालय के आगे पटाखे फोड़कर एवम मिठाई से मुंह मीठा करवाकर एक दुसरे से खुशी का इजहार किया इस अवसर पर टेम्पू चालकों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि किसी का रोजगार प्रभावित होना बड़ा ही पीड़ादायक है आजीविका के स्रोत कैसे बढ़ाये जा सकते है यह विषय महत्वपूर्ण है टेम्पू चालक शहर की लाइफ लाइन है और लाइफ लाइन बेहतर तरीके से संचालित हो यह हम सब की जिम्मेदारी है टेम्पू यूनियन के पदाधिकारी रामस्वरूप भार्गव व झूमरमल भार्गव ने बताया कि एकतरफा यातायात होने से टेम्पू चालकों की आजीविका प्रभावित हो रही थी पूर्व विधायक महर्षि ने एकतरफा यातायात हटवाकर टेम्पू चालकों को बहुत बड़ी सौगात दी है टेम्पू यूनियन के सैकड़ों चालकों ने सामूहिक रूप से महर्षि का आभार जताया है इस अवसर पर टेम्पू यूनियन के अध्यक्ष महेश शर्मा,पन्नालाल भार्गव,रमेश जेदिया,विष्णु स्वामी, अमरचन्द स्वामी,सत्तार मणियार,धर्मचंद सांसी,आजम खान,हेमन्त पंवार, दीनदयाल भार्गव,मौसम अली, मनोज पंवार, रामोतार पंवार, रामचन्द्र घारू,संजय शर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में टेम्पू चालक उपस्थित थे ।

# सादुलपुर में सर्व समाज की बैठक, आंदोलन करने की चेतावनी

## लॉर्ड्स स्कूल में नाबालिग छात्र से मारपीट का मामला, सोमवार को अधिकारियों से मिलेंगे



जयपुर टाइम्स

**सादुलपुर(निसं.)।** सादुलपुर के लॉर्ड्स स्कूल में नाबालिग छात्र के साथ विद्यालय परिसर में बेरहमी से मारपीट का मामला दिन-ब-दिन तूल पकड़ता जा रहा है। इसी को लेकर सिधमुख मोड़ पर प्रजापत समाज सहित सर्व समाज के लोगों की एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद लोगों ने एकजुट होकर न्याय की लड़ाई लड़ने और आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि नाबालिग बच्चे के साथ स्कूल में की गई अमानवीय मारपीट का वीडियो पूरे देश ने देखा है, जो पूरे क्षेत्र को शर्मसार करने वाली घटना है। लोगों ने दोषी शिक्षकों और विद्यालय प्रबंधन के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। ओर घटना की कड़े शब्दों में निदा की है । पीड़ित छात्र के पिता ने बैठक में बताया कि उन पर लगातार राजीनामे का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबाव बनाने के उद्देश्य से उल्टा उनके बेटे के खिलाफ ही एफआईआर दर्ज करवा दी गई, जो पूरी तरह गलत और अन्यायपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सर्व समाज को साथ लेकर बड़ा आंदोलन किया जाएगा और जब तक पीड़ित बच्चे को न्याय नहीं मिल जाता, तब तक पीछे नहीं हटेंगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सर्व समाज के नेतृत्व में सोमवार को उपखंड अधिकारी, जिला कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक सहित अन्य आला अधिकारियों से मिलकर पूरे मामले से अवगत कराया जाएगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की जाएगी। बैठक में बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग मौजूद रहे और सभी ने एक स्वर में नाबालिग छात्र को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रजापत विकास समिति के अध्यक्ष सुल्तानहमीरवास,बनवारी लाल प्रजापत, धर्मपाल टाक, नत्थू राम घणाऊ, मुकेश गुलपुरा,लेखराम फौजी, शीशराम निमिवाल, जगदीश सेऊवा, हेतराम किरोड़ीवाल, मोहरसिंह सांखु, व सैकड़े की संख्या में प्रजापत समाज व सर्व समाज के लोग मौजूद थे।

# बीदासर में 'तेरापंथ-मेरा पंथ' विषय पर दो दिवसीय सेमिनार सम्पन्न

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निसं.)।** युगप्रधान आचार्य महाश्रमण की शिष्या शासन साध्वी बसंतप्रभा, साध्वी रचनाश्री तथा समाधि केन्द्र की व्यवस्थापिका साध्वी मंजुयशाजी के सान्निध्य में दो दिवसीय सेमिनार 'तेरापंथ-मेरा पंथ' का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य प्रशिक्षक वरिष्ठ उपासक एवं प्राध्यापक निर्मल नौलखा रहे। सेमिनार का शुभारम्भ साध्वी बसंतप्रभा द्वारा नमस्कार महामंत्र से किया गया। इसके पश्चात साध्वीवृन्द ने तेरापंथ के सिद्धान्तों पर आधारित गीत 'भिक्षु को समझो और समझाओ' के माध्यम से मंगलाचरण किया। तेरापंथ एक अनूठा धर्मसंघ : साध्वी बसंतप्रभा मंगल उद्बोधन में साध्वी बसंतप्रभा ने कहा कि तेरापंथ अपने आप में एक अनूठा धर्मसंघ है। इसकी गौरवगाथा जितनी कही जाए, उतनी ही कम है। उन्होंने कहा कि सेमिनार के माध्यम से श्रावक-श्राविकाएँ तेरापंथ के सिद्धान्तों को गहराई से समझकर अपने सम्यक्त्व को सुदृढ़ करेंगी। साध्वी रचनाश्री ने कहा कि प्रत्येक तेरापंथी को 'तेरापंथ-मेरा पंथ' कहते हुए गर्व होना चाहिए, क्योंकि तेरापंथ ही ऐसा सम्प्रदाय है जो एक गुरु की आज्ञा में संचालित होता है। तेरापंथ में एक आचार्य, एक आचार, एक विचार और एक सामाचारी की स्पष्ट व्यवस्था है, जो इसे विशिष्ट बनाती है। उन्होंने आधुनिक साधनों से प्राप्त हर जानकारी को बिना विवेक के स्वीकार न करने की सीख दी। साध्वी मंजुयशा ने कहा कि आचार्य भिक्षु ने संघ विस्तार के उद्देश्य से नहीं, बल्कि सत्य के मार्ग पर चलने के लिए अभिनिष्क्रमण किया। उन्होंने आगमों से प्राप्त सत्य को स्वयं जीवन में उतारकर समाज के लिए एक प्रशस्त मार्ग प्रस्तुत किया। आचार्य भिक्षु द्वारा बोया गया बीज आज वटवृक्ष बन चुका है। वर्तमान पीढ़ी को इसके सिद्धान्तों को समझने की आवश्यकता है। दो दिवसीय सेमिनार में कुल पाँच सत्र आयोजित किए गए। प्रतिभागियों द्वारा रखे गए प्रश्नों का मुख्य प्रशिक्षक निर्मल नौलखा ने तर्कसंगत एवं सटीक समाधान प्रस्तुत किया तथा धर्म से जुड़ी प्रचलित भ्रांतियों का निराकरण किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष सम्पतमल बैद, युवक परिषद् से ऋतिक बोथरा सहित बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन भावना दूगड़ ने किया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मन की बात का 129 वां संस्करण

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निसं.)** भारतीय जनता पार्टी रतनगढ़ शहर मण्डल के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं ने शहर के पांच शक्ति केन्द्रों के अंतर्गत आने वाले विभिन्न बूथों पर महीने को बहुत लोकप्रिय कार्यक्रम मोदी के मन की बात का 129 वां संस्करण सुना शहर के बूथ नंबर 73 पर रतनगढ़ के पूर्व विधायक अभिनेश महर्षि ने भी भाजपा कार्यकर्त्ताओ के साथ मन की बात का संस्करण सुना पूर्व विधायक महर्षि ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम का बहुत उत्सुकता के साथ इन्तजार रहता है हर भाजपा कार्यकर्ता इस प्रोग्राम के माध्यम से देश भर की ज्ञानवर्धक बातें सुनते है और उसे अपने जीवन में अपनाने की कोशिश भी करते है मन की बात कार्यक्रम के मण्डल संयोजक निरंजन रुन्थला व सह संयोजक किसन सैनी बताया कि मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2025 की उपलब्धियों का जिक्र किया और कहा कि इससे देश को नया आत्मविश्वास मिला। उन्होंने कहा कि आप द्वारा प्राप्त सुझाव व प्रयास विकसित भारत की ओर कदम बढ़ा रहा है आने वाला वर्ष 2026 संकल्प से सिद्धि के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा मोदी ने सभी से फिट इंडिया मूवमेंट से निरन्तर जुड़े रहने का आह्वान किया ठंडी का समय व्यायाम के लिए उपयुक्त बताते हुए व्ययाम करने की सलाह दी शहर मंडल के सभी बूथों पर मन की बात कार्यक्रम को सुना गया है ।

# स्वर्गीय पुष्पा देवी बसोतिया के जन्मदिन पर गोवंश को खिलाया हरा चारा

जयपुर टाइम्स




**मण्डावा(निसं.)** मुकुंदगढ़ रोड स्थित टीकम दास आश्रम में संचालित कामधेनु निराश्रित गौ सेवा समिति में समाजसेवी वह भामाशाह गोविंद राम बसोतिया चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा अपने धर्मपत्नी स्वर्गीय पुष्पा देवी के जन्मदिन पर गोवंश को हरे चारे की ब्रह्मपुरी खिलाई गई इस अवसर पर गोविंद राम बसोतिया ने गौमाता की सेवा में ब्रह्मपुरी का आयोजन किया जिसमें गौ माता को हरा चारा व हरी सब्जी खिलाकर अपनी पत्नी की याद में जन्मदिन मनाया । इस अवसर पर बसोटिया परिवार की तरफ से आमंत्रित संदीप शर्मा मे कहा कि धार्मिक ग्रंथों में लिखा है 'गावो विश्वस्य मातरः' अर्थात गाय विश्व की माता है। गौ माता की रीढ़ की हड्डी में सूर्य नाड़ी एवं केतुनाड़ी साथ हुआ करती है, गौमाता जब धुप में निकलती है तो सूर्य का प्रकाश गौमाता की रीढ़ हड्डी पर पड़ने से घर्षण द्वारा केरोटिन नाम का पदार्थ बनता है जिसे स्वर्णक्षार कहते हैं। यह पदार्थ नीचे आकर दूध में मिलकर उसे हल्का पीला बनाता है। इसी कारण गाय का दूध हल्का पीला नजर आता है। इसे पीने से बुद्धि का तीव्र विकास होता है। जब हम किसी अत्यंत अनिवार्य कार्य से बाहर जा रहे हों और सामने गाय माता के इस प्रकार दर्शन हो की वह अपने बछड़े या बछिया को दूध पिला रही हो तो हमें समझ जाना चाहिए की जिस काम के लिए हम निकले हैं वह कार्य अब निश्चित ही पूर्ण होगा। अपनों को याद कर के उनका बैकुंठ वास के बाद भी जन्मदिन मानना ,वो भी गौ सेवा कर के,अपने आप में काबिल ए तारीफ है। गोविन्द राम जी ने जो कार्य किया है उस से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए । इस अवसर पर इस गौ सेवा में गोग्रास देने हेतु संदीप शर्मा, सत्यनारायण इंदौरिया, प्रकाश स्वामी , बाबू माथुर, मनीष, बजरंगलाल, गजेंद्र सिंह, रविंद्र शर्मा उपस्थित थे समिति अध्यक्ष किशोर चौहान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# अस्पताल निर्माण कार्य का किया अवलोकन

जयपुर टाइम्स




**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ठरड़ा में बनने वाले सुक्षेम आरोग्य विहार, मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल के शुरू हुए निर्माण कार्य का भामाशाह के सी मालू, सुप्रीम फाउंडेशन जसवंतगढ़ के मुख्य ट्रस्टी महावीर तापड़िया, पृथ्वीराज बाफना, बगड़िया अस्पताल के पीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम करवा डॉक्टर ने अवलोकन किया। इस दौरान अनेक बातों को लेकर चर्चा की गई। अवलोकन के दौरान डॉ. कपीश सोनी, डॉक्टर मोनिका सिंघाटिया, डॉक्टर रविकांत सोनी, डॉ. रजनीश सोनी, हरि कृष्ण विस्सू, कमलेश मंडावरिया आदि मौजूद रहे। भामाशाह के सी मालू ने बताया कि 300 बेड के अस्पताल का यहां पर निर्माण हो रहा है और जल्दी ही इस कार्य को गति मिलेगी।

# अटल स्मृति सप्ताह के तहत भाजपा का विशाल सम्मेलन 30 दिसंबर को

**तारानगर (निसं.)** तारानगर के भाजपा कार्यालय म चौधरी गेस्ट हाउस में 30 दिसंबर को दोपहर 1 बजे पूर्व प्रधानमंत्री अटल स्मृति सप्ताह कार्यक्रम को लेकर भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता का एक विशाल सम्मलेन होगा। शहर अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल ने बताया कि भाजपा जिला महामंत्री चंद्राराम गुरी मुख्य वक्ता होंगे। खंडेलवाल ने आगे बताया कि सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी गई।



## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना 34/2025-26 | Fencing work with fixing for Khejri Vatika at Range Rajgarh, Churu, Sardarshahar, Ratangarh and Taranagar | 4.89 लाख | FOR 2526 WSOB 04186 |
| 2 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना 35/2025-26 | Water Harvesting Structure (WHS) At Range Sujangarh | 4.25 लाख | FOR 2526 WSOB 04189 |
| 3 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना 36/2025-26 | लवकुश वाटिका गोपालपुरा डुंगरबालाजी में वुडन फिनिशिंग सीमेंट कंक्रीट का निर्माण कार्य | 3.37 लाख | FOR 2526 WSOB 04191 |

अल्पकालीन खुली बोली सूचना सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

# मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी ने किया कंबल वितरण



जयपुर टाइम्स

**दूदू(निसं)।** कस्बे की सेवा भावी संस्था मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी की ओर से असहाय,गरीब और जरूरतमंद लोगों को सर्दियों के मध्य नजर ऊनी कंबल वितरित किए गए। मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटी द्वारा गत 7 साल से सर्दियों के दौरान असहाय,जरूरतमंद और गरीब लोगों को कंबल वितरण किया जाता हैं। कंबल वितरण के दौरान मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी अध्यक्ष एडवोकेट ताज मोहम्मद, महामंत्री युसूफ जिंदरान, कोषाध्यक्ष डॉ. अमीन उपाध्यक्ष हाजी सुबराती गॉड, हाजी ताज मोहम्मद मंसूरी, इस्लाम मोहम्मद,मोहम्मद अयूब, यूनुस मंसूरी, रहीस इनायत रंगरेज, वाजिद आदि मौजूद रहे।

# कांग्रेस स्थापना दिवस पर बाड़ी में 'अरावली बचाओ रैली' का भव्य आयोजन



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** बाड़ी कस्बे में कांग्रेस स्थापना दिवस के अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ 'अरावली बचाओ रैली' का भव्य आयोजन किया गया। रैली अग्रवाल धर्मशाला से गांधी पार्क तक निकाली गई, जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली। रैली का नेतृत्व कांग्रेस प्रत्याशी प्रशांत परमार ने किया। इस अवसर पर शबनम खान (जिला अध्यक्ष, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस), ब्लॉक अध्यक्ष रामेंद्र मीणा, नगर अध्यक्ष बाबुल खान, जिला कांग्रेस सचिव रोशनी शिवहरे, अनिल अरेला, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता राजकुमार भारद्वाज, हरि पड़िया जी, लाखन सिंह यादव, आर्यन राय, दुर्गा शुक्ल, राजकुमार कंसाना, अकरम खान, नईम खान, योगेश अग्रवाल एवं राम अवतार शर्मा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे। रैली के दौरान वक्ताओं ने अरावली पर्वत श्रृंखला को क्षेत्र की जलवायु, पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक बताते हुए इसके संरक्षण का संकल्प दोहराया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अरावली हमारी प्राकृतिक धरोहर है और इसके संरक्षण के लिए कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर संघर्ष करती रही है और आगे भी करती रहेगी। कांग्रेस स्थापना दिवस पर आयोजित यह रैली पर्यावरण संरक्षण, जनजागरण और जनहित के प्रति कांग्रेस की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक बनी।

# राजाखेड़ा में घने कोहरे ने थामी वाहनों की रफ्तार



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा के अंदर चार दिन मौसम साफ रहने के बाद एकदम घना कोहरा मध्य रात्रिसे ही छाने लगा जिसके कारण दोपहर 1:00 बजे तक सूर्य नारायण के भी दर्शन नहीं हुए साथी सड़क पर निकलने वाले वाहनौकोभी सड़कों पर धीमी रफ्तार से चलने के लिए मजबूर होना पड़ा तथा कोहरा इतना गहरा था कि सामने कुछ दिखाई नहीं देता था जिसके कारण वाहन भी धीमी गति से चलते देखे गए करीब 1:00 बजे बाद दिन में सूर्य नारायण ने अपने दर्शन दिए तथा सर्दी का एहसास भी कराया।

# राजाखेड़ा विवाहित ने मायके में फांसी लगाकर की आत्महत्या

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजाखेड़ा क्षेत्र के गांव भीमपुरा अपने मायके में 35 वर्षीय महिला ने पास में ही खड़े नीम के पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली प्रवेश पत्नी रामसेवक पुत्री रामसनेही जाति ठाकुर ने अपने मायके प्यार में नीम के पेड़ से फांसी का फंदा लगाकर अपने जीवन लीला समाप्त कर ली महिला की शादी करीबन 14 वर्ष पूर्व सीसकी ग्राम में राम सेवक के साथ संबंध हुई थी प्रवेश पर करीबन 12 वर्षी एक पुत्र करीबन 10 वर्षीय एक पुत्री है मृतक के फांसी की सूचना मायके वालों ने पुलिस थाना राजाखेड़ा एवं प्रवेश के ससुराली जनों को दी जिस पर ससुराल वाले भी मौके पर आ गए दोनों बच्चों के सामने मृतक का पोस्टमार्टम काराकर सबको ससुराल जनौ को सुपुर्द कर दिया गया मृतक के भाई भूपेंद्र पुत्र रामसनेही ने थाने में लिखित तेहरीर दी है जिस पर थाना राजाखेड़ा में मर्ग दर्ज कर जांच की जा रही है।

# अग्रोहा में संपन्न हुई जिला अग्रवाल महासमिति धौलपुर की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक

## 18 जनवरी 2026 को प्रतिभा सम्मान समारोह व आम सभा, 25 जनवरी 2026 को होंगे जिला चुनाव



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** जिला अग्रवाल महासमिति की दो दिवसीय कार्यकारिणी बैठक का भव्य आयोजन अग्रवंश की पावन धरोहर अग्रोहा शक्तिपीठ, अग्रोहा में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। बैठक में महासमिति के पदाधिकारियों सहित जिले की सभी 11 इकाइयों के अध्यक्ष एवं मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। बैठक के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाशचंद गोयल एवं महासमिति संरक्षक डॉ. राधेश्याम गर्ग रहे। बैठक की अध्यक्षता जिला अग्रवाल महासमिति धौलपुर के जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन हरियाणा प्रदेश के प्रवक्ता एवं महामंत्री विपिन गोयल, अग्रोहा इकाई के मीडिया प्रभारी पंकज गर्ग एवं उपप्रधान धर्मवीर जिंदल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत अग्रसेन पटिका पहनाकर किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ऋषि मित्तल ने अपने कार्यकाल के दौरान सभी इकाइयों एवं समस्त अग्रबंधुओं से मिले सहयोग एवं समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। महामंत्री राजेश गर्ग ने महासमिति के दो वर्षीय कार्यकाल की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण सदन के समक्ष प्रस्तुत किया। बैठक में इकाइयों के प्रतिनिधियों ने समाज में बढ़ती वैमनस्यता पर चिंता जताते हुए समाज की एकता को मजबूत करने के लिए संरक्षक डॉ. आर.एस. गर्ग एवं जिलाध्यक्ष से पहल करने का सुझाव दिया। इस पर डॉ. आर.एस. गर्ग ने कहा कि समाज की एकता की शुरुआत परिवार से होती है। जब परिवारों में भाई-भाई, पिता-पुत्र के बीच सामंजस्य होगा, तभी समाज सशक्त और संगठित बनेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए महामंत्री राजेश कुमार गर्ग ने महासमिति द्वारा बीते दो वर्षों में किए गए समस्त कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला अग्रवाल समाज प्रतिभा सम्मान समारोह एवं आम सभा का आयोजन 18 जनवरी 2026 को अग्रवाल धर्मशाला, धौलपुर में किया जाएगा। वहीं जिला अग्रवाल महासमिति के चुनाव 25 जनवरी 2025 को संपन्न कराए जाएंगे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मंत्री मुकेश बंसल (कोर्ट) ने समाज की एकजुटता और सक्रिय भागीदारी पर बल दिया। सभी इकाइयों के अध्यक्षों ने भी अपने-अपने विचार रखे। बैठक के उपरांत सभी अग्रबंधुओं ने अग्रोहा शक्तिपीठ एवं अग्रोहा धाम का सामूहिक भ्रमण किया। प्रदेश में पंचायत चुनाव की घोषणा के मद्देनज़र बैठक में राजनीतिक विषयों पर भी विचार-विमर्श हुआ। महासमिति ने समाज को किसी भी राजनीतिक दल के बहकावे में न आने तथा समाजहित में एकजुट होकर निर्णय लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर विपिन गोयल ने स्वार्थ की राजनीति से ऊपर उठकर समाजहित को प्राथमिकता देने की अपील की। उन्होंने कहा कि पद की होड़ में आपसी प्रतिस्पर्धा समाज को कमजोर करती है। सभी अग्रबंधुओं को एक मंच पर बैठकर मंथन करना होगा, तभी सफलता संभव है। बैठक में मांगीलाल मोदी, हरिओम मित्तल, रामकुमार गर्ग, महेश मंगल, हरिओम गर्ग, राकेश गर्ग (सैपऊ), अशोक बंसल (मनियां), विजय मित्तल (तसीमों), राधेश्याम पोपल, मुकेश बंसल (कोर्ट), बृजमोहन गर्ग, अखिलेश गोयल, मनोज अग्रवाल, मनोज सिंघल, सुनील मोदी, प्रहलाद गर्ग, अविनाश गर्ग, सौमेन्द्र मंगल, रविंद्र गर्ग, रजत गर्ग, कपिल अग्रवाल, ओमप्रकाश सिंघल, मुकेश गर्ग (व्याख्याता), मुन्नालाल मित्तल, महावीर मित्तल, विवेक मित्तल (तसीमों) सहित जिले की सभी इकाइयों के अग्रबंधु उपस्थित रहे। यह बैठक समाज में एकता, संगठन और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का सशक्त संदेश देकर संपन्न हुई।

# अवैध मीट की थड़ियों पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, जेसीबी से हटवाई दुकानें

## मुहाना थाना पुलिस पर हफ्ता वसूली के गंभीर आरोप, रिंग रोड चौराहा बना कसाईखाना

जयपुर टाईम्स

**सांगानेर(निसं.)।** मुहाना थाना क्षेत्र में अवैध मीट की थड़ियों को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश आखिरकार सड़क पर फूट पड़ा। ग्राम पंचायत जगन्नाथपुरा के रिंग रोड चौराहे पर लंबे समय से खुलेआम मुर्गे, मछली और बकरों की कटाई की जा रही थी। खुले में मांस कटाई और अवशेषों को सड़कों पर फेंकने से पूरे इलाके में गंदगी, बदबू और अस्वच्छता फैल गई थी, जिससे स्थानीय लोग और राहगीर परेशान थे। ग्रामीणों का आरोप है कि यह अवैध गतिविधियां मुहाना थाना पुलिस और संबंधित प्रशासन की जानकारी में होने के बावजूद निर्बाध रूप से चल रही थीं। पंचायत और नगर निगम प्रशासन को कई बार लिखित और मौखिक शिकायतें दी गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे कसाइयों के हौसले बुलंद रहे और जिम्मेदार अधिकारी मौन बने रहे। रविवार को अचरावाला, रातल्या, बालावाला सहित आसपास के दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का सब्र टूट गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण रिंग रोड चौराहे पर एकत्र हुए और अवैध मीट थड़ियों के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। हालात बिगड़ते देख ग्रामीणों ने जेसीबी की मदद से मौके पर मौजूद अवैध दुकानों को हटवाया, जिससे कुछ समय के लिए स्थिति नियंत्रित हो सकी। उप सरपंच प्रतिनिधि गोपाल लाल शर्मा ने आरोप लगाया कि बिना लाइसेंस और नियमों के चल रही मीट की थड़ियां पुलिस और प्रशासन





की मिलीभगत को दर्शाती हैं। उनका कहना है कि रात के समय अवैध रूप से दुकानें सजती थीं, लेकिन कार्रवाई करने के बजाय पुलिस द्वारा हफ्ता वसूली की जा रही थी। यही कारण है कि महीनों से शिकायतों के बावजूद कोई कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि खुले में मांस कटाई और अवशेष फेंकने से संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का वहां से गुजरना मुश्किल हो गया था। अब ग्रामीण प्रशासन और पुलिस से स्थायी समाधान, नियमित निगरानी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों का सवाल है कि जेसीबी से हटवाने के बाद क्या यह अवैध धंधा हमेशा के लिए बंद होगा या कुछ दिनों बाद फिर से शुरू हो जाएगा।

# किसान संगोष्ठी में गूंजा पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती का संदेश

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निसं.)।** राजस्थान सरकार के सुशासन के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कुनेड में आयोजित किसान संगोष्ठी में पर्यावरण संरक्षण, जैविक खेती और किसानों की समस्याओं को लेकर सार्थक मंथन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक खेती से हटकर जैविक खेती की ओर अग्रसर हों, जिससे न केवल भूमि की उर्वरता बचेगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्यावरण सुरक्षित रहेगा।राठौड़ ने मंच से उपस्थित किसानों को पर्यावरण संरक्षण की सामूहिक शपथ भी दिलाई। राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार बिजली, पानी और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों को लेकर गंभीर है और किसानों सहित आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सुशासन की नीति से प्रदेश में विकास की नई दिशा तय हो रही है।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक कुलदीप धनकड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ईआरसीपी परियोजना में बुचारा बांध को जोड़े जाने से सताईसा क्षेत्र को सिंचाई और पेयजल का लाभ मिलेगा, जिससे किसानों की दशकों पुरानी मांग पूरी होगी।भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने कहा कि वर्तमान सरकार भ्रष्टाचार मुक्त शासन और जीरो टॉलरेंस नीति के साथ काम कर रही है,



जिससे आमजन में विश्वास बढ़ा है।इस अवसर पर किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सरदारमल यादव, उपप्रधान टीटू सिंह, यादव समाज अध्यक्ष भैरू हुलड़ा, सताईसा समाज अध्यक्ष दशरथ सिंह, सरपंच डॉ. रामनिवास मोर्या, सरपंच हरिसिंह, सरपंच राजेंद्र सिंह, सरपंच रामकरण मीणा, रामेश्वर भाटिया, रामकुमार रावत (सरपंच), हरिसिंह खेलना, डॉ. जयराम यादव, सौरभ सिंह, सैलेन्द्र सिंह, बनवारीलाल (सरपंच) सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं किसान मौजूद रहे।कार्यक्रम का मंच संचालन जल प्रहरी दीप सिंह ने किया। कार्यक्रम संयोजक जी.एल. यादव ने सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठों के मार्गदर्शन में नौजवान युवा प्रहरी बनकर समाज में सामाजिक समरसता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहे हैं।

# बेटी के पिता के आह्वान पर मीटिंग हुई, परिजन नहीं पहुंचे तो समाज नहीं ले पाया कोई निर्णय.. डॉ. शिवचरण कुशवाहा

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** कुशवाहा समाज की बेटी के साथ हुए दुराचार के मामले में समाज ने 3 दिन का अल्टीमेटम दिया था, जिसे विधायक शोभारानी कुशवाहा और पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा ने 27 तारीख तक बढ़ा दिया था । आज 28 को जिला कुशवाहा छात्रावास धौलपुर में समाज की बैठक में मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से हजारों लोग पहुंचे । लेकिन पूर्व विधायक बीएल कुशवाहा ने अलग से अपने फैक्ट्री पर बैठक कर प्रशासन को 7 दिन का और समय दे दिया, जिससे समाज में नाराजगी है। लोगों का कहना है कि समाज के साथ राजनीति हो रही है। सामाजिक सूत्रों के अनुसार समाज के द्वारा निर्धारित बैठक जिला कुशवाहा छात्रावास पर हुई थी, जहां बेटी के परिजन नहीं पहुंचने की स्थिति में समाज कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाया, इस अवसर पर डॉ. शिवचरण कुशवाहा, प्रधान रामहेत कुशवाहा, वासुदेव कुशवाहा, हेमलता कुशवाहा, भामाशाह करण सिंह कुशवाहा, मुरारी लाल सैनी,तोताराम कुशवाहा रामप्रसाद कुशवाहा परशुराम कुशवाहा सुरेंद्र सिंह कुशवाहा सहित हजारों की संख्या में कुशवाहा समाज के लोग उपस्थित रहे ! समाज के प्रत्येक वक्ता का कहना है कि यह बेटी के साथ न्याय नहीं हुआ तो इन राजनीति करने वालों को आने वाले समय में समाज सबक सिखायेगा ! इस अवसर पर डॉ. शिवचरण कुशवाहा ने कहा कि छात्रावास पर बैठक बेटी के पिता के आह्वान पर हुई थी, लेकिन किसी कारणवश वह नहीं आ पपाए,इस कारण समाज कोई ठोस निर्णय नहीं ले पाया, हेमलता कुशवाहा ने कहा कि बार-बार समय बढ़ाना समाज के साथ राजनीति है, यह न्याय नहीं बेटी के साथ अन्याय है, सोरन नेताजी ने कहा की जो भी व्यक्ति समाज के साथ खुद को चमकाने के लिए कोरी राजनीति करेगा और अहंकार की बात करता है, उस अहंकारी का विनाश निश्चित है ! सामाजिक सूत्रों के अनुसार समाज के साथ जो राजनेता कोरी राजनीति कर रहे हैं और बार-बार समय बढ़ा रहे हैं, दोषी को बचना चाह रहे हैं, ऐसे राजनेताओं के खिलाफ समाज में भारी आक्रोश है !

## विराट टैलेंट सर्च परीक्षा का सफल आयोजन

# 147 विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर, 11 जनवरी 2026 को मिलेगा सम्मान

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निसं.)।** कस्बे के सनराइज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पावटा में रविवार को प्रजापति जागृति सेवा समिति, विराटनगर के तत्वावधान में विराट टैलेंट सर्च परीक्षा का भव्य एवं अनुशासित आयोजन किया गया। परीक्षा में कक्षा 10वीं व 12वीं के कुल 151 विद्यार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 147 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जबकि 4 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे।परीक्षा का संचालन केंद्र अधीक्षक डॉ. महेश मामोडिया बरवाड़ा के नेतृत्व में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से किया गया। केंद्र प्रभारी टिंकू प्रजापति पावटा तथा सह-प्रभारी नंदलाल प्रजापत टसकोला सहित परीक्षा कक्ष में शंभूदयाल, उमेश, दशरथ, कृष्ण कुमार, मनोज, अमित, प्रमोद कुमार, हनुमान सहाय, बाबूलाल नीरज व बलकेश प्रजापत ने अपनी जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया।कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मोहनलाल कुमावत, हरिचंद कुमावत, कुंदन प्रजापति एवं लक्ष्मीनारायण कुमावत,जितेंद्र प्रजापत ने बताया कि यह परीक्षा प्रजापति समाज के विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने के उद्देश्य से आयोजित की गई।व्याख्याता नंदलाल प्रजापत व महेश प्रजापत ने बताया कि 11 जनवरी 2026 को विराटनगर में आयोजित कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे तथा प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को नगद पुरस्कार राशि व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। परीक्षा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों के लिए पावटा से विराटनगर तक निःशुल्क आवागमन, परीक्षा के दौरान अल्पाहार व उपहार की व्यवस्था ललित कुमावत पुणे कंस्ट्रक्शन कंपनी की ओर से की गई। वहीं कुंदन प्रजापति, मोहनलाल कुमावत, हरिचंद कुमावत, लक्ष्मीनारायण कुमावत एवं गोवर्धन प्रजापत की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी व परीक्षक को डायरी व नोटबुक भेंट कर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर पावटा तहसील के समाज बंधुओं ने पत्रकार साथियों, संस्था के निदेशक जयराम राठी एवं बीरबल यादव का केंद्र में उत्कृष्ट व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए सम्मान किया। इस अवसर पर लालचंद प्रजापत, मुकेश प्रजापत, गोवर्धन प्रजापत, गोकुलचंद प्रजापत, सुभाषचंद प्रजापत, बलकेश प्रजापत, रोशन प्रजापत, अविनाश प्रजापत सहित अनेक समाजबंधु उपस्थित रहे।

# परकोटे का सौंदर्यीकरण सराहनीय पर हेरिटेज स्वरूप अक्षुण्ण रहे

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** नगरपालिका द्वारा कस्बे के ऐतिहासिक परकोटे के संरक्षण और सौंदर्यीकरण को लेकर जो मुहिम चलाई जा रही हैं।वह निःसन्देह एक स्वागत योग्य कदम हैं।लेकिन सौंदर्यीकरण के दौरान इस पुरा सम्पदा का मूल स्वरूप (हेरिटेज लुक) भी अक्षुण्ण रहे इसका भी ध्यान रखा जाना जरूरी हैं। बड़े दरवाजे पर हाल ही में करवाए जा रहे रंग-रोगन व चित्रकारी को लेकर बिजौलियां के बाशिंदे हाल उदयपुर निवासी ख्यातनाम चित्रकार डॉ. ओमप्रकाश सोनी का कहना हैं कि बड़े व छोटे दोनों दरवाजों का हेरिटेज स्वरूप बना रहना चाहिए। इसके लिए पत्थरों पर उत्कीर्ण कलाकृतियों व मूर्तियों पर रंग-रोगन नहीं हो। दरवाजे और शहरकोट के उखड़े पत्थर व कंगूरे पुराने स्वरूप में ही बनाए जाए और टूटे हुए स्थान की मरम्मत करते हुए झाड़-झंखाड़ हटाकर सुरक्षित किया जाना चाहिए ।सोनी ने बताया कि उदयपुर में भी जो रियासतकालीन दरवाजे हैं उनका भी मूल स्वरूप पहले



पुताई और प्लास्टर से खत्म कर दिया गया था।किंतु अब वापस हेरिटेज के अंतर्गत सभी दरवाजे मूल स्वरूप में लाए गए है। विदित हैं कि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चित्रकार सोनी ने अपनी जन्म भूमि बिजौलियां से अत्यधिक लगाव के चलते कस्बे के ऐतिहासिक परकोटे,बड़ा व छोटा दरवाजा,मंदाकिनी महादेव मंदिर समेत शिल्पकला की बेजोड़ मिसाल कई प्राचीन धरोहरों के अद्भुत चित्रण जलरंग से कैनवास पर उतारे हैं।

# नाबालिग से सोने के जेवरात छीने, 4 के खिलाफ मामला दर्ज

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निसं.)।** नाबालिग पुत्र से सोने के जेवरात छीनने का आरोप लगाते हुए सोने-चांदी के आभूषण विक्रेता कपिल सोनी ने बिजौलियां थाने में युवराज सिंधी, रौनक रावणा राजपूत, प्रकाश प्रजापत, नरेंद्र रावणा राजपूत के खिलाफ मामला दर्ज करवाया। रिपोर्ट के अनुसार 3 माह पूर्व कपिल स्वर्णकार का पुत्र लक्षित अपने घर से बैग लेकर दुकान जा रहा था।बैग में करीब 35 ग्राम वजनी सोने का हार,30 ग्राम के सोने के कान के झेले और 6 ग्राम वजन के सोने के कान के टॉप्स रखे हुए थे।आरोपी युवक लक्षित को बहला- फुसला कर जेवरात छीन कर ले गए। कपिल द्वारा आरोपियों से बातचीत की तो उन्होंने सारे जेवरात को खुर्दबुर्द करना बताया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।विदित हैं कि प्रकाश प्रजापति आदतन अपराधी हैं।विगत 9 दिसंबर को भी सिंगोली(म.प्र.) से बिजौलियां एक कार्यक्रम में डीजे साउंड बजाने आए रोशन प्रजापत के साथ प्रकाश समेत अन्य युवक तेजाजी चौक में मारपीट कर मोबाइल लूट ले गए व पिकअप गाड़ी में भी तोड़फोड़ की।इस वारदात को लेकर प्रकाश समेत अन्य 8-10 लोगों के खिलाफ बिजौलियां थाने में मामला दर्ज हुआ हैं।पुलिस के पास उक्त घटना के सीसी टीवी फुटेज भी मौजूद हैं।वहीं प्रकाश के पंछी गैंग से जुड़े होने की भी चर्चा हैं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, सोमवार
29 दिसम्बर, 2025

# एनएसयूआई की कांग्रेस की जयपुर रैली में ले गए, लेकिन मजदूरों को नहीं दी 500 रू. की दिहाड़ी.... घंटाघर चौक पर नोरबाजी कर मजदूरों ने मांगे मजदूरी के पैसे

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सुजानगढ़ में कांग्रेस का मजदूर विरोधी चेहरा सामने आया है। दरअसल जयपुर में 26 दिसम्बर को एनएसयूआई की अरावली बचाओ रैली हुई थी। उस रैली में कुछ मजदूरों को दिहाड़ी दिलाने के नाम पर जयपुर ले जाया गया और उसके बाद उनको पेमेंट नहीं किया गया। इससे साफ भंडाफोड़ होता है कि कांग्रेस के नेता अपनी रैलियों में भाड़े के लोग ले जाते हैं। अगर जनता या कार्यकर्ता ज्यादा संख्या में नहीं जुटते हैं, तो मजदूरों को मजदूरी का लालच देकर रैली में ले जाना कोई बुरी बात नहीं है। लेकिन समय पर उनको मजदूरी नहीं देना, बुरी बात है। सुजानगढ़ से जयपुर जाकर अरावली बचाओ रैली में शामिल होने वाले क्षेत्र के करीब 25 मजदूरों की मजदूरी हड़प जाने के आरोप कांग्रेस नेताओं पर लगे हैं। मजदूरों ने रविवार को सुबह घंटाघर पर चौक पर एकत्रित होकर नारेबाजी कर अपनी मजदूरी मांगी। मजदूरों ने आरोप लगाया कि एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष संजय सिंह कताला 500रू. दिहाड़ी देने का वादा करके बस में बिठाकर




हम लोगों को जयपुर ले गया। उसके बाद रात को मजदूरों को वापस सुजानगढ़ के बीडीएस तिराहे पर छोड़ा। लेकिन तीन दिन बीत जाने के बाद भी मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं दी गई है। वहीं कांग्रेस की रैली में भाड़े पर लोगों को ले जाने का खुलासा भी होता नजर आ रहा है। मजदूरों ने बताया कि हम लोग विधायक और कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मनोज मेघवाल के आवास पर गए, लेकिन कोई समाधान नहीं किया गया। उसके बाद थाने भी गए, लेकिन हमें हमारी मजदूरी नहीं दिलाई गई। दूसरी ओर भीमसेना के जिलाध्यक्ष जालू बोध ने बताया कि मजदूरों के साथ अन्याय सहन नहीं करेंगे और उनको उनकी दिहाड़ी दिलवाकर मानेंगे। भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर ने कहा कि अरावली बचाने का नाटक कर रही कांग्रेस का असली चेहरा सामने आया है और वास्तविकता यह है कि ये लोग अपनी रैलियों में भीड़ नहीं जुटा पाते और गरीब मजूदरों को मजदूरी के नाम पर पैसे देकर रैली में ले जाते हैं और फिर मजदूरी देने से मुकर जाते हैं। हमारी मांग है कि मजदूरों की दिहाड़ी जल्द से जल्द कांग्रेस के नेता लोग प्रदान करे। घंटाघर पर ये मजदूर रविवार को सुबह जिस वक्त प्रदर्शन कर रहे थे और मीडिया कवरेज कर रहा था, उसी वक्त कांग्रेस नेताओं के फोन भी मजदूरों के पास आने लगे थे। दूसरी ओर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष संजय सिंह कताला से फोन पर बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन वो फोन उठाकर कोई स्पष्टीकरण देना वाजिब नहीं समझते। आपको बता दें कि सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल हाल ही में जिलाध्यक्ष बने हैं और इस प्रकार के प्रकरण सामने आने से प्रदेश कांग्रेस में उनकी छवि पर भी विपरीत असर पड़ेगा। इस मामले में कांग्रेस पार्षद ईकबाल खान कायमखानी ने कहा है कि जयपुर में कांग्रेस की ओर से किसी मजदूर को नहीं ले जाया गया। अगर कोई व्यक्ति या नेता व्यक्तिगत जिम्मेदारी पर मजदूरी का कहकर ले गया है, तो उसको जल्द से जल्द मजदूरों का भुगतान करना चाहिए। हम लोग भी मजदूरों के साथ हैं।

## किन लोगों की है मजदूरी बाकी:

घंटाघर चौक पर एकत्रित मजदूरों ने बताया कि विनोद दर्जी, कालू सिंह भाटी, संदीप लाखन, शिवनारायण, कालू रूपेली, गुलाबसिंह-डूंगर बालाजी, हरजीराम, अशोकसिंह, रूघाराम गोपालपुरा, नरपतसिंह-डूंगरबालाजी, सुमेरसिंह, असलम, शाहरूख सहित कुल करीब 25 लोगों के प्रति व्यक्ति पांच सौ रूपए के हिसाब से मजदूरी बाकी है।

## शोशल मीडिया पर प्रार्थना पत्र वायरल:

दूसरी ओर इस मामले में कांग्रेस की फजीहत कम होने का नाम नहीं ले रही है। दोपहर बाद शोशल मीडिया पर वह प्रार्थना पत्र वायरल हो गया, जो थानाधिकारी के नाम लिखा गया है। प्रार्थना पत्र पर करीब 19 मजदूरों के नाम अंकित हैं और हस्ताक्षर, अंगूठा निशानी भी नजर आ रही है। अलग-अलग शोसल मीडिया पेज पर ये प्रार्थना पत्र वायरल हो गया। इस मामले में कोतवाली थानाधिकारी बेगाराम मीणा से जानकारी चाहने पर उन्होंने बताया कि मजदूर आए जरूर थे, लेकिन मामला दर्ज नहीं हुआ है। मीणा ने बताया कि या तो सम्बंधित व्यक्ति मजदूरों को भुगतान कर देगा, वरना पुलिस को मजबूरन मुकदमा दर्ज करना पड़ेगा।

# बांग्लादेश के खिलाफ आक्रोश रैली आज

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)** सनातन सेवा न्यास इकाई मंडावा की ओर से सोमवार को बांग्लादेश के विरुद्ध एसडीएम कार्यालय में सौंपा जाएगा ज्ञापन-- बांग्लादेश में हाल ही में हुए घटनाक्रम दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या जिस तरीके से की गई वह बड़ा दिल को दहला देने वाला दृश्य था और 7 दिन के भीतर ही दूसरी निर्मम हत्या मृणाल मंडल हिंदू की हुई, इन घटनाओं से तथा अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सनातन हिंदू समाज में बड़ा क्रोध व्याप्त है, लगातार हिंदू संगठन ज्ञापन दे रहे हैं केंद्र सरकार को सूचित कर रहे हैं कि कोई बड़ा कदम ऐसे उठाएं कि बांग्लादेश की सरकार को झुकना पड़े और हिंदू भाइयों को न्याय मिले, इस संबंध में सनातन सेवा न्यास मंडावा इकाई के द्वारा सोमवार को दोपहर 2:00 बजे मंडावा क्षेत्र के लोगों, सनातनी पदाधिकारीयों एवं समस्त हिंदू समाज के द्वारा प्रधानमंत्री महोदय को ज्ञापन एसडीएम कार्यालय मंडावा माध्यम द्वारा दिया जाएगा इसमें सभी पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे मंडावा तहसील अध्यक्ष जुगल किशोर शास्त्री की अध्यक्षता में ज्ञापन कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होगा और सभी सनातन प्रेमियों से आग्रह किया जाता है कि समय पर पहुंचकर ज्ञापन को और अधिक सार्थक और मजबूत बनाएं इस कार्यक्रम में सर्व ब्राह्मण एकता मंच के जिला अध्यक्ष राहुल मिश्रा मंडावा भी शामिल होंगे सैकड़ों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में ज्ञापन दिया जाएगा।

# देवासर माइनर निर्माण में घटिया सामग्री का आरोप, किसान सभा ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जांच व कार्रवाई की मांग की

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** तहसील के देवासर गांव में चौधरी कुम्भाराम आर्य नहर से बन रहे माइनर खाले के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए किसानों ने विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों ने निर्माण कार्य रुकवाकर धरना दिया। किसान सभा के नेता रामकृष्ण छींपा ने आरोप लगाया कि माइनर निर्माण में निम्न गुणवत्ता की सीमेंट और ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है। उनका दावा है कि उद्घाटन से पहले ही निर्माण टूटने लगा है। किसानों



ने सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त शासन के दावों के विपरीत जमीनी हकीकत बताई। किसानों ने ठेकेदार पर विरोध करने वाले किसानों को धमकाने और राजकार्य में बाधा डालने के नाम पर मुकदमे दर्ज कराने की धमकी देने का आरोप लगाया है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि गुणवत्तापूर्ण कार्य नहीं हुआ तो अखिल भारतीय किसान सभा सहित अन्य किसान संगठन बड़ा आंदोलन करेंगे। किसान नेता सांवरमल मेघवाल ने कहा कि यह माइनर किसानों को नहर का पानी उपलब्ध कराने के लिए बनाया जा रहा है। लेकिन इसमें घटिया सामग्री का उपयोग गंभीर लापरवाही और भ्रष्टाचार का उदाहरण है। इससे किसानों में भारी रोष है। किसान सभा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जब तक माइनर निर्माण की निष्पक्ष जांच नहीं होती, दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती और किसानों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं लिए जाते तब तक धरना और आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान किसान बड़ी संख्या में भानीपुरा पुलिस थाने में पहुंचकर थाना अधिकारी को कहा कि किसानों को नाजायज तरीके से परेशान करने का पुलिस के द्वारा काम किया गया तो किसान एकत्रित होकर मेगा हाईवे पर जाम लगा देंगे। धरने में किसान सभा भानीपुरा अध्यक्ष रामकरण भाम्भू, तहसील मंत्री सांवरमल मेघवाल, किसान नेता रामकृष्ण छींपा, भेरू मुंड, हाकम सिंह, महावीर कुल्हरिया, लालचंद सारण, भीमराज मेघवाल, जयचंद सारण और लालचंद चौधरी सहित बड़ी संख्या में किसान और ग्रामीण मौजूद रहे।

# अरावली को बचाने सड़कों पर उत्तरी कांग्रेस




जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** अरावली को बचाने के लिए रविवार को तारानगर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कस्बे की नगरपालिका से लेकर अंबेडकर सर्किल तक पैदल मार्च निकालते हुए केंद्र सरकार व राज्य सरकार को जमकर निशाने पर लिया। उपस्थित लोगों ने कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए रैली निकाली। इस अवसर पर अरावली को बचाने के लिए लोगों को जागरूक कर आंदोलन को गांव- गाँव ढाणी-ढाणी तक लेकर जाने का संकल्प भी लिया। वक्ताओं ने कहा कि अरावली पर्वतमाला राजस्थान की ऐतिहासिक धरोहर एवं जीवन रेखा है जो राजस्थान में धूल भरी आंधियों से सुरक्षा और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है भाजपा सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को यह अरावली बेचना चाहती है लेकिन यहां की जनता यह नहीं होने देगी। इस मौके पर पार्टी के पर्यवेक्षक रामनिवास वीदुडी, ब्लॉक अध्यक्ष वेद प्रकाश सहारण, चेयरमेन प्रियंका बानो, नगर अध्यक्ष भागीरथ भामी, जिप सदस्य विमला कालवा, पार्षद हरी सिँह बेनिवाल, सेवादल विधान सभा अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष सुरजीत वर्मा, संतोष देवी, अर्जुन फौजी, भगतसिंह भाकर, रामस्वरूप झाझड़िया, हनुमानसिँह कस्वां, बाबू हुसैन कुरैशी, रामसिंह सहारण, कुंदन सैनी, राजवीर, जयसिंह, हनुमान, बुन्दे कहाँ, साजिद, सफीक केदारमल, विकास सैनी, धनेश सैनी केशव शर्मा, आसिफ, पप्पू गोस्वामी नेमीचंद, राशिद सुभाष, बलबीर मुंशी खान, मोहरसिंह, मोरसिंह सहित पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चूरू की बेटी प्रिया चौधरी का भारतीय राष्ट्रीय शूटिंग टीम में चयन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)** राजस्थान के चूरू जिले की मेधावी निशानेबाज प्रिया चौधरी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए भारतीय राष्ट्रीय शूटिंग टीम में स्थान सुरक्षित कर लिया है। राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में प्रिया चौधरी ने 602.5 का शानदार स्कोर दर्ज किया, जिसके आधार पर भारतीय चयनकर्ताओं ने उन्हें देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए चुना है। जिला स्टेडियम में तराशा गया हुनर प्रिया चौधरी की इस ऐतिहासिक सफलता की नींव चूरू जिला स्टेडियम में चिंगारा सूटिंग मे रखी गई। वे पिछले काफी समय से अनुभवी कोच कर्णवीर सिंह राठौड़ के मार्गदर्शन में कड़ा अभ्यास कर रही हैं। कोच राठौड़ ने बताया कि प्रिया चौधरी की एकाग्रता और तकनीकी समझ उन्हें अन्य खिलाड़ियों से अलग बनाती है। स्टेडियम की सीमित सुविधाओं के बावजूद प्रिया चौधरी के निरंतर अभ्यास और कोच की रणनीति ने उन्हें इस मुकाम तक पहुँचाया है। कोच और परिवार का रहा विशेष सहयोग सफलता की घोषणा के बाद प्रिया चौधरी ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, माता मीरा पूनियाँ,पिता नोरंग लाल, पलक खोथ न्यूज़ एजेंसी और विशेष रूप से अपने कोच कर्णवीर सिंह राठौड़ को दिया। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय टीम के लिए चुना जाना एक सपने जैसा है। जिला स्टेडियम में सर (कर्णवीर सिंह) ने मुझे छोटी से छोटी बारीकियों पर काम करना सिखाया, जिससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा।' जिले में जश्न का माहौल प्रिया चौधरी के चयन की खबर




मिलते ही खेल प्रेमियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। खेल विभाग के अधिकारियों और जिला प्रशासन ने भी इसे चूरू के लिए गर्व का क्षण बताया है। विशेषज्ञों का मानना है कि 602.5 का स्कोर अंतरराष्ट्रीय मानकों पर बेहद प्रतिस्पर्धी है और आगामी एशियाई व विश्व स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रिया चौधरी से पदक की पूरी उम्मीद है।

# अरावली बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने निकाली पदयात्रा रैली




### मनरेगा योजना का नाम बदलने का किया विरोध, विधायक अनिल शर्मा के नेतृत्व में निकाली रैली,

### ताल मैदान से गांधी चौक तक निकाली पैदल रैली

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में विधायक पं. अनिल शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस शहर, देहात ब्लॉक व सेवादल के कार्यकर्ताओं ने अरावली बचाओ अभियान और मनरेगा योजना का नाम बदलने के विरोध में पैदल यात्रा रैली निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। ताल मैदान से शुरू हुई रैली गांधी चौक पर कांग्रेस विधायक अनिल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार कांग्रेस द्वारा चलाई गई योजनाओं के नाम बदलने का काम कर रही हैं। अरावली पर्वतमाला राजस्थान की शान है उसको भी खुर्दबुर्द करना चाहते हैं। कांग्रेस द्वारा अभियान चलाकर इसका पुरजोर विरोध किया जा रहा हैं। गांधी चौक पर कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए अपना विरोध दर्ज कराया। विधायक पं. अनिल शर्मा ने कहा कि अरावली राजस्थान की पहचान और गौरव है। इसे बचाने के लिए कांग्रेस का संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार योजनाओं के नाम बदलकर जनता को भ्रमित कर रही है और मनरेगा योजना का नाम बदलना निंदनीय है। रैली में सेवादल सहित कांग्रेस के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया।

# दादीजी के चरणों में अर्पित कर नववर्ष कैलेंडर का किया विमोचन

**लक्ष्मणगढ़(निसं.)।** स्थानीय श्री श्याम बिहारी मंदिर परिसर स्थित टीडा गेला दादी मंदिर में तारादेवी रामेश्वरलाल बजाज चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से प्रकाशित नववर्ष कैलेंडर 2026 का विमोचन मंत्रोच्चार के साथ किया गया। कैलेंडर दादीजी के श्रीचरणों में अर्पित किया गया। ट्रस्ट के स्थानीय प्रतिनिधि संदीप बजाज ने बताया कि कैलेंडर आमजन को वितरित किए जाएंगे।



कार्यक्रम में पंडित अरविंद जोशी के सान्निध्य में पूजा-अर्चना की गई।इस अवसर पर दादी परिवार के मंत्री मुकेश बजाज, उपाध्यक्ष रतनलाल बजाज, कोषाध्यक्ष नरेश बजाज, संयोजक संदीप बजाज सहित सुरेश बजाज, राकेश बजाज, अमित बजाज, अंकित बजाज व विवेक बजाज ने दादीजी के दर्शन कर नववर्ष के लिए मंगलकामना की।उल्लेखनीय है कि ट्रस्ट द्वारा शेखावाटी क्षेत्र में निरंतर सेवा कार्य किए जा रहे हैं, जिससे समाज में ट्रस्ट की अलग पहचान बनी है।

# नीट एग्जाम के आधार पर होगा 13 नये कोर्स में एडमिशन

### परीक्षा फॉर्म में लाइव फोटो अपडेट तथा थंब और फेस का होगा वेरीफिकेशन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** हाल ही में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (NMC) की ओर से एक खास नोटिस जारी किया गया था जिसमें 2026 में आयोजित होने वाली नीट परीक्षा के आधार प्रवेश के लिए पुराने स्नातक मेडिकल कोर्स के साथ- साथ 13 नए कोर्स जोड़ दिए गए हैं जिनमें एडमिशन अब नीट स्कोर के आधार पर होगा नए नोटिफिकेशन में नीट यूजी 2026 का सिलेबस फाइनल किया जा चुका है यूनाइटेड एजुकेशन लिंक्ज के डायरेक्टर एवं काउंसलर बी एल मील ने बताया कि नीट एग्जाम के आधार पर अब पुराने मेडिकल स्नातक कोर्स एमबीबीएस, बीडीएस ,आयुर्वेद होम्योपैथिक ,यूनानी, सिद्धा, योगा, नेचुरोपैथी, वेटरिनरी एवं सीमित सीटों में बीएससी नर्सिंग के साथ-साथ अब 13 नए कोर्स जोड़े गए हैं। नये जोड़े



गए प्रमुख कोर्स बीएससी नर्सिंग, पैरामेडिकल कोर्स में फिजियोथेरेपी, न्यूट्रिशन और डायटेटिक्स, ऑप्टोमेट्री, डायलिसिस टेक्नोलॉजी, मेडिकल लैबोरेटरी और लाइफ़ साइंसेज़, मेडिकल रेडियोलॉजी जैसे पैरामेडिकल कोर्स में एडमिशन के लिए नीट ज़रूरी रहेगा इसी तरह बीपीटी (बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी) में एडमिशन के लिए नीट स्कोर आवश्यक होगा इसके साथ ही बीएससी मेडिकल लैब टेक्नोलॉजी बीएससी डायलिसिस थेरेपी, बीएससी ऑप्टोमेट्री, बीएससी एक्स-रे टेक्नोलॉजी, बीएससी न्यूक्लियर मेडिसिन टेक्नोलॉजी, बीएससी ऑपरेशन थिएटर टेक्नोलॉजी, बीएससी मेडिकल रिकॉर्ड टेक्नोलॉजी, बीएससी मेडिकल इमेजिंग टेक्नोलॉजी कोर्स में भी नीट स्कोर के आधार पर ही प्रवेश मिलेगा । परीक्षा का फॉर्म भरते समय अभ्यर्थी की लाइव फोटो अपलोड की जाएगी, साथ ही थंब और फेस वेरिफिकेशन भी होगा परीक्षा सेंटर पर प्रत्येक अभ्यर्थी का वेरिफिकेशन किया जाएगा जिससे डमी कैंडिडेट बैठने पर रोक लगेगी नेशनल मेडिकल कमीशन ने नीट यूजी परीक्षा 2026 सिलेबस को भी अपडेट किया है। इसी से सवाल आएंगे। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी तीनों विषयों के चैप्टर और टॉपिक के अलग-अलग अंक निर्धारित किए गए हैं अपडेटेड सिलेबस को एनएमसी की वेबसाइट पर भी अपलोड कर दिया गया है। मेडिकल की तैयारी करने वाले सभी स्टूडेंट्स व अन्य स्टेकहोल्डर्स इसे अच्छी तरह चेक कर लेवें क्योंकि 2026 के नीट एग्जाम का क्वेश्चन पेपर इसी के आधार पर तैयार होगा। सभी चैप्टर्स से सवाल पूछे जाएंगे जिनके अंक अलग-अलग हो सकते हैं गौरतलब है कि नीट यूजी एग्जाम 2026 में मुश्किल से 5 महीने का समय बचा है। बीते कुछ वर्षों से यूजी नीट का एग्जाम मई महीने के पहले सप्ताह में ही होता आ रहा है। हालांकि नीट यूजी 2026 एग्जाम डेट की घोषणा अब तक नहीं हुई है, लेकिन बीते वर्षों के ट्रेंड के मुताबिक मई के पहले रविवार को इसका आयोजन संभव है। ऐसे में 5 महीने का समय बाकी है ।

## नीट यूजी 2026 सिलेबस में शामिल टॉपिक्स:

फिजिक्स: फिजिक्स एंड मेजरमेंट, किनेमेटिक्स, लॉज ऑफ मोशन, वर्क, एनर्जी एंड पावर, रोटेशनल मोशन, ग्रेविटेशन, प्रॉपर्टीज ऑफ सॉलिड्स एंड लिक्विड्स, थर्मोडायनामिक्स, किनेटिक थ्योरी ऑफ गैसेस, ऑसिलेशन्स एंड वेव्स, इलेक्ट्रोस्टैटिक्स, करंट इलेक्ट्रिसिटी, मैग्नेटिक इफेक्ट्स ऑफ करंट एंड मैग्नेटिज्म, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक इंडक्शन एंड अल्टरनेटिंग करंट्स, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव्स, ऑप्टिक्स, डुअल नेचर ऑफ मैटर एंड रेडिएशन, एटम्स एंड न्यूक्लेई, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइसेस।

केमिस्ट्री: फिजिकल केमिस्ट्री (एटॉमिक स्ट्रक्चर, केमिकल बॉन्डिंग, थर्मोडायनामिक्स, इक्विलिब्रियम, इलेक्ट्रोकेमिस्ट्री), इनऑर्गेनिक केमिस्ट्री (पी-ब्लॉक एलिमेंट्स, डी-एंड एफ-ब्लॉक एलिमेंट्स, कोऑर्डिनेशन कंपाउंड्स), ऑर्गेनिक केमिस्ट्री (हाइड्रोकार्बन्स, ऑर्गेनिक कंपाउंड्स कंटेनिंग हैलोजन्स, ऑक्सीजन, नाइट्रोजन)

बायोलॉजी: डाइवर्सिटी इन लाइविंग वर्ल्ड, स्ट्रक्चरल ऑर्गनाइजेशन इन एनिमल्स एंड प्लेंट्स, सेल स्ट्रक्चर एंड फंक्शन, प्लेंट फिजियोलॉजी, ह्यूमन फिजियोलॉजी, रिप्रोडक्शन, जेनेटिक्स एंड इवोल्यूशन, बायोलॉजी एंड ह्यूमन वेलफेयर, बायोटेक्नोलॉजी एंड इट्स एप्लिकेशन्स, इकोलॉजी एंड एनवायरनमेंट । नीट यूजी 2026 के लिए सिलेबस एनएमसी की आधिकारिक वेबसाइट nmc.org.in पर उपलब्ध है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे सिलेबस के अनुसार अपनी तैयारी करें ।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।